www.dainikchingari.com
26 जनवरी 1950 को स्थापित
संस्थापक: बाबूसिंह चौहान
बिजनौर : मंगलवार, 4 नवम्बर 2025
अंक- 11 मूल्य दो रुपये पृष्ठ- 20

# चिंगारी

गंगा स्नान की हार्दिक शुभकामनाएं





# परेश रावल की फिल्म द ताज स्टोरी नया पोस्टर रिलीज


बॉलीवुड के जानेमाने चरित्र अभिनेता परेश रावल की आने वाली फिल्म द ताज स्टोरी नया पोस्टर रिलीज हो गया है। परेश रावल द्वारा अभिनीत, स्वर्णिम ग्लोबल सर्विसेज प्रा. लि. और सीए सुरेश झा द्वारा प्रस्तुत तथा तुषार अमरीश गोयल द्वारा लिखित और निर्देशित द ताज स्टोरी, अपने धमाकेदार और सोचने पर मजबूर करने वाले ट्रेलर के चलते लगातार चर्चा में बनी हुई है। इस फिल्म के क्रिएटिव प्रोड्यूसर विकास राधेश्याम हैं। फिलहाल रिलीज से पहले मेकर्स ने एक नया पोस्टर जारी किया है, जिसमें परेश रावल के हाथ में न्याय का तराजू है, जिस पर ताज महल संतुलित है। इस फिल्म का संगीत रोहित शर्मा और राहुल देव नाथ ने तैयार किया है।



# सोनल चौहान होंगी 'मिर्जापुर : द फ़िल्म' का हिस्सा

बॉलीवुड अभिनेत्री सोनल चौहान ने अमेज़न प्राइम वीडियो की लोकप्रिय सीरीज़ मिर्जापुर के फिल्म वर्ज़न 'मिर्जापुर : द फ़िल्म' में अपनी एंट्री की आधिकारिक घोषणा कर दी है। सोनल ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर एक्सेल एंटरटेनमेंट की ओर से मिले गिफ्ट हैम्पर और एक नोट की झलक शेयर की। नोट में लिखा था, प्रिय सोनल, हमें खुशी है कि आप 'मिर्जापुर' की टीम का हिस्सा बनी हैं। स्क्रीन पर आपका जादू देखने का इंतज़ार है। इसी पर प्रतिक्रिया देते हुए सोनल ने कहा, अभी भी यकीन नहीं हो रहा... इतनी शानदार और गेम-चेंजिंग यात्रा का हिस्सा बनकर बेहद खुश हूं। मिर्जापुर : द फ़िल्म का हिस्सा बनना मेरे लिए बेहद रोमांचक है और मैं इंतज़ार नहीं कर सकती कि आप सब स्क्रीन पर क्या देखने वाले हैं। 'मिर्जापुर : द फ़िल्म' की घोषणा पिछले साल की गई थी। इस फिल्म में एक बार फिर दर्शकों को उनके पसंदीदा किरदार पंकज त्रिपाठी के रूप में कलीन भैया, अली फज़ल के रूप में गुड्डू पंडित, दिव्येंदु के रूप में मुन्ना त्रिपाठी और श्वेता त्रिपाठी के रूप में गोलू गुप्ता देखने को मिलेंगे।





# राम चरण

## स्टारर पेड्डी की टीम हुई श्रीलंका रवाना, शुरू होगा अगला शूटिंग शेड्यूल!

ग्लोबल सुपरस्टार राम चरण की आने वाली फिल्म पेड्डी की टीम अगले शूटिंग शेड्यूल के लिये श्रीलंका रवाना हो गयी है। रामचरण, जिन्होंने अपने पिछली ब्लॉकबस्टर फिल्मों से सिनेमा की दुनिया में तहलका मचा दिया था, अब अपनी मच अवेटड फिल्म पेड्डी के साथ बड़े पर्दे पर जोरदार वापसी करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। फिल्म के ऐलान के बाद से ही फैंस बेसब्री से राम चरण को इस एक्शन से भरपूर अवतार में देखने के लिए इंतजार कर रहे हैं। ऐसे में अब फिल्म की अगली शूटिंग शेड्यूल श्रीलंका के खूबसूरत लोकेशंस में सेट की गई है, जिसके लिए टीम अब इस द्वीप देश जाने के लिए रवाना हो रही है। सोशल मीडिया पर फिल्म पेड्डी के मेकर्स ने राम चरण और उनकी टीम की एयरपोर्ट से एक झलक साझा किया, जब वे अगली शूटिंग शेड्यूल के लिए श्रीलंका जा रहे थे। साथ ही उन्होंने कैप्शन में लिखा ,टीम सपेड्डीअगली शूटिंग शेड्यूल के लिए श्रीलंका के लिए रवाना हो रही है।



# कुब्रा सैत को याद आए अपने पुराने दिन

माइक्रोसॉफ्ट छोड़कर अभिनय का रुख करनेवाली कुब्रा सैत को अपने पुराने दिन याद आ रहे हैं। कुब्रा सैत ने इंस्टाग्राम पर एक भावनात्मक पोस्ट के ज़रिए साल 2009 की अपनी यादों का पिटारा खोलते हुए अपने दर्शकों को बताया कि किस तरह उन्होंने माइक्रोसॉफ्ट जैसी बड़ी कॉर्पोरेट नौकरी छोड़कर अपने सपनों की तलाश में मुंबई का रुख किया था। कुब्रा ने कुछ थ्रोबैक तस्वीरें साझा करते हुए लिखा, सन 2009 स्प्रेडशीट्स और सपनों के बीच कहीं मैंने माइक्रोसॉफ्ट की नौकरी छोड़कर मुंबई जाने का फैसला किया। मुझे याद है मेरा पोर्टफोलियो दुबई में मिस इंडिया वर्ल्डवाइड में 'मिस पर्सनैलिटी' जीतने के कुछ समय बाद ही एक बेहतर इंसान और फ़ोटोग्राफ़र सुनिथ श्याम ने बनाया था और अपनी उस पहली तस्वीर को मैंने फ्रेम करवाया था।

# नमन आपको...अभिनन्दन आपका!




**चिंगारी सांध्य दैनिक के सुधि पाठकों, सहृदयी विज्ञापनदाताओं, समर्पित संवाददाताओं, निष्ठावान संस्थानकर्मियों, चिंगारी को रोज़ाना बिजनौर जनपद के कोने-कोने, आसपास के जनपदों तथा शिवालिक की पहाड़ियों तक पहुंचाने वाले मेहनती टैक्सी चालकों तथा चिंगारी को प्रतिदिन हज़ारों हाथों में सौंपने वाले देवतुल्य वितरकों के प्रति हम बहुत विनम्रतापूर्वक कृतज्ञता ज्ञापित करते हैं। चिंगारी की 40वीं वर्षगांठ पर आप सभी ने जिस गर्मजोशी और सहृदयता के साथ हमारा उत्साहवर्धन किया है, उसके प्रति हम आपका भावपूर्ण अभिनंदन करते हैं और चिंगारी की ओर से विश्वास दिलाते हैं कि हम आपके विश्वास को टूटने नहीं देंगे तथा मिशनरी पत्रकारिता का परचम हरदम थामे रहेंगे।**



चंद्रमणि रघुवंशी



सूर्यमणि रघुवंशी


# सीताराम हेल्थ क्लीनिक

की ओर से सभी देशवासियों, क्षेत्रवासियों, चिकित्सकों व शुभचिंतकों को गंगा स्नान की हार्दिक शुभकामनाएं



**डॉ. परमजीत सिंह**

फिजिशियन एण्ड पेट, पित्त आंत व लिवर रोग चिकित्सक



**डॉ. माया सिंह**

स्त्री एवं प्रसूति रोग चिकित्सक

**सीताराम हेल्थ क्लीनिक**

मौ. गोकुलनगर, बिजनौर बाईपास रोड, चांदपुर ( बिजनौर )

---

सर्वाधिक लोकप्रिय चिंगारी

**सांध्य दैनिक की 40वीं वर्षगांठ**

एवं गंगा स्नान की समस्त जनपदवासियों को

**हार्दिक शुभकामनाएं**




**दीपक गर्ग (मोनू)**

जिला मीडिया प्रभारी भाजपा, बिजनौर
सभासद नगर पालिक परिषद, बिजनौर
प्रदेश उपाध्यक्ष, पश्चिमी उत्तर प्रदेश व्यापार मण्डल

---

सर्वाधिक लोकप्रिय चिंगारी सांध्य दैनिक की

# 40वीं वर्षगांठ एवं गंगा स्नान

की समस्त जनपदवासियों को



**हार्दिक शुभकामनाएं**



**डॉ. जगवीर सिंह प्रजापति**

सदस्य जिला पंचायत बिजनौर

निवास- ग्राम मकसूदपुर, सहसपुर, बिजनौर

26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

चिंगारी

बिजनौर : मंगलवार, 4 नवम्बर, 2025

# अंकित को ऋतु पसंद नहीं थी, गला घोटकर मार डाला?

## आरोपी पति हिरासत में, पुलिस कर रही पूछताछ

बिजनौर (चिंगारी)। यहां कलेक्ट्रेट के पीछे स्थित साकेत कॉलोनी में एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। घटना से मृतका के मायके वालों में कोहराम मच गया। उन्होंने मृतका के पति व सास पर दहेज के लिये हत्या करने का आरोप लगाया है। मृतका के दो छोटे-छोटे बच्चे हैं। पुलिस ने आरोपी पति को हिरासत में ले लिया है। उससे पूछताछ की जा रही है।



मूल रूप से खारी (हल्दौर) क्षेत्र का रहने वाला अंकित यहां साकेत कॉलोनी में शकुंतला देवी उर्फ प्रधानी के मकान में पिछले काफी समय से किराये पर रहता है। करीब 4 वर्ष पूर्व उसकी शादी बढ़ापुर क्षेत्र के ग्राम रहमापुर निवासी तेजपाल की पुत्री ऋतु से हुई थी। अंकित एक बेकरी में काम करता है। आरोप है कि शादी के बाद से ही अंकित ऋतु को प्रताड़ित करता था। मायके वालों के अनुसार कई बार ऋतु ने अंकित के दुर्व्यवहार की शिकायत की थी। उन्होंने अंकित को समझाया भी था, लेकिन अंकित अपनी हरकतों से बाज नहीं आया। अंकित कल ही ऋतु को उसके मायके से बिजनौर लेकर आया था। बताया जाता है कि घर आते ही अंकित ने ऋतु से लड़ाई झगड़ा शुरू कर दिया था। मायके वालो के अनुसार रात होते-होते अंकित व उसकी मां ने ऋतु की गला दबाकर हत्या कर दी। ऋतु के दम तोड़ने के बाद अंकित व उसकी मां ने ऋतु के बीमार होने का नाटक किया। वे उसे एक डॉक्टर के पास भी ले गये। मायके वालों ने बताया कि उन्हें ऋतु की मौत की सूचना पड़ोसियों ने दी। मायके वालों का कहना है कि अंकित व उसकी मां ऋतु से आयेदिन कम दहेज लाने की शिकायत करते थे और ऋतु पर दबाव बनाते थे कि वह मायके से दहेज के रूप में उन्हें पैसा लाकर दे। मायके वालों का कहना है कि ऋतु के दो बच्चे होने के बाद वे सोचने लगे थे कि अंकित बच्चों का ख्याल करके सुधर जायेगा, लेकिन अंकित नहीं सुधरा और उसने ऋतु की जान ले ली। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और ऋतु के शव को पोस्टमार्टम के लिये भेजा।



चर्चा है कि अंकित ऋतु को पसंद नहीं करता था। बताया जाता है कि जब ऋतु से अंकित की शादी की बात चली थी, तो उसे ऋतु की बजाये उसकी छोटी बहन का फोटो दिखाया गया था। मृतक ऋतु के बायें हाथ में कमी थी। वह बायें हाथ से कुछ काम नहीं कर पाती थी। इस वजह से अंकित उसे ताने देता था। आयेदिन मारपीट करता था। वह ऋतु को ये कहकर मारता-पीटता था कि वह उसे बिल्कुल पसंद नहीं। उसकी शादी धोखे से की गई है।

# गंगा में समायी होनहार ललिता का अभी पता नहीं चला

## एसडीआरएफ व पीएसी के जवान कर रहे तलाश

बिजनौर (चिंगारी)। गंगा में समायी ललिता रानी का 24 घंटे गुजर जाने के बाद भी पता नहीं चला है। एसडीआरएफ व पीएसी के गोताखोरों द्वारा उसकी तलाश जारी है। थाना रामराज पुलिस के अनुसार ललिता को घटना के बाद से लगातार ढूंढा जा रहा है।



चांदपुर थाना क्षेत्र के ग्राम खानपुर माजरा के मूल निवासी संग्रह अमीन वेद प्रकाश की पुत्री कुमारी ललिता रानी (26 वर्ष) ने कल सुबह बैराज पुल से गंगा छलांग लगा दी थी। वेदप्रकाश का परिवार पिछले काफी दिनों से ज्ञान विहार, बिजनौर में रहता है। ललिता ने आईआईटी कानपुर से बी.टेक किया था। अब वह यूपीएससी की तैयारी कर रही थी। परिजनों के मुताबिक उसे अपेक्षित सफलता नहीं मिल रही थी, जिससे वह मायूस थी।

ललिता रोज सुबह अपनी 12 वर्षीय चचेरी बहन अक्षी के साथ रेलवे स्टेशन पर मॉर्निंग वॉक के लिये जाती थी। सोमवार की सुबह भी वह घर से मॉर्निंग वॉक के लिये निकली थी। लेकिन वह अपनी चचेरी बहन के साथ बस में बैठकर बैराज पहुंची। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दोनों ने कुछ देर बैराज पुल पर चहलकदमी की। बाद में अचानक ललिता ने बैराज के गेट नंबर 25 से गंगा में छलांग लगा दी। घटना सुबह क़रीब सवा 6 बजे की है। ललिता की चचेरी बहन के शोर मचाने पर पुलिस मौके पर पहुंची थी। गोताखोरों ने कल दिन भर ललिता की गंगा में तलाश की, लेकिन सफलता नहीं मिली। आज सुबह से एसडीआरएफ व पीएसी के जवान लगातार ललिता की तलाश में लगे हैं। ललिता ने जिस जगह गंगा में छलांग लगाई, वह क्षेत्र मुजफ्फरनगर जनपद के रामराज थाने के अंतर्गत आता है। रामराज पुलिस का कहना है कि तलाशी अभियान लगातार जारी है।

आवश्यकता है

हल्दौर में एक कुशल खाना बनाने वाले व्यक्ति की आवश्यकता है। (घरेलू कार्य के लिये)

सम्पर्क करें- 8191819148

HAPPY BIRTHDAY

CHINGARI






अनुपम मैचिंग सेन्टर

निकट- चौरासी घंटा मंदिर, बिजनौर

ललित अग्रवाल

होटल में स्टाफ की आवश्यकता

2. हाउस कीपींग स्टाफ सफाईकर्मी

वेतन 15000–16000/– रुपये अनुभवानुसार (दिन शिफ्ट)

योग्यता : होटल सफाई, बेडिंग और टॉयलेट सफाई, सफाई कैमिकल्स का अनुभव

2. वेटर/बेल ब्वॉय

वेतन 9000–10000/– अनुभवानुसार (दिन/रात शिफ्ट)

योग्यता : रूम सर्विस, बेडिंग, मेहमानों का स्वागत, सामान पहुंचाना

होटल रजत रेजीडेंसी रेलवे स्टेशन चौक, बिजनौर मो. 9410496747

Now In Bijnor

Carrier Midea

CARRIER MIDEA INDIA

(Air Conditioners)

For Trade Enquries called

Authorised Distributor

VINSUR PRODUCTS

Geeta Nagari, Bijnor 246701

Mob.: 9219690223

# पारदर्शी व शुद्धतापूर्वक सम्पन्न कराया जायेगा SIR कार्यक्रम- एडीएम वान्या सिंह

**बिजनौर ( चिंगारी )।** जिला निर्वाचन अधिकारी/ जिलाधिकारी जसजीत कौर के निर्देशों के क्रम में अपर जिला निर्वाचन अधिकारी/अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व वान्या सिंह की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में एसआईआर कार्यक्रम को सुव्यवस्थित, पारदर्शी और शुद्धतापूर्वक संपन्न करने के लिए निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों के प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।




अपर जिलाधिकारी ने एसआईआर की आवश्यकता के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि वर्ष 1951 से 2004 तक 8 बार विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण किया जा चुका है। प्रदेश में अन्तिम विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण वर्ष 2003 में किया गया था। उन्होंने निर्देश दिये की एसआईआर कार्यक्रम को सुव्यवस्थित रूप से संपन्न कराने के लिए राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों एवं बूथ लेवल अभिकर्ताओं को प्रशिक्षण उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें और इस कार्य में उनका सहयोग भी प्राप्त करें ताकि कार्य पूरे पारदर्शिता और शुद्धता के साथ संपन्न कराया जा सके।

अपर जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती वान्या ने कहा कि बूथ लेवल अधिकारियों द्वारा प्रत्येक मौजूदा निर्वाचकों को गणना प्रपत्रों का वितरण निर्वाचकों को उनके नाम या उनके रिश्तेदारों के नाम से अंतिम विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण 2003 से मिलान/लिंक करने में मदद करना मिलान/लिंकिंग के लिए बूथ लेवल अधिकारी अंतिम विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के अखिल भारतीय डेटाबेस की सहायता ले सकते हैं। उन्होंने बताया कि विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण एसआईआर की प्रमुख प्रक्रियाएं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी/सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों द्वारा आलेख्य नामावली (ड्राफ्ट रोल) में उन सभी निर्वाचकों के नाम सम्मिलित करना, जिनके गणना प्रपत्र प्राप्त हुए हैं। उन सभी निर्वाचकों को नोटिस जारी करना, जिनके नाम अंतिम विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के साथ मिलान/लिंक नहीं किए जा सके हैं। निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी/सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों द्वारा यह सुनिश्चित किया जाना कि कोई भी पात्र नागरिक छूटा नहीं है तथा कोई अयोग्य व्यक्ति सम्मिलित नहीं है। ईआरओ के निर्णय के विरुद्ध प्रथम अपील की सुनवाई जिला मजिस्ट्रेट द्वारा की जायेगी। जिला मजिस्ट्रेट के निर्णय के विरुद्ध दूसरी अपील की सुनवाई प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी द्वारा की जायेगी।

# नित्या अग्रवाल ने उत्तीर्ण की सीए की परीक्षा

**बढ़ापुर ( चिंगारी )।** नगर पंचायत बढ़ापुर के पूर्व चेयरमैन स्व. लाला नरेंद्र कुमार अग्रवाल की सुपौत्री व समाजवादी पार्टी के नेता पंकज अग्रवाल की होनहार पुत्री नित्या अग्रवाल ने चार्टर्ड अकाउंटेंट (सीए) परीक्षा उत्तीर्ण कर बढ़ापुर का नाम रोशन किया है। इस मौके पर परिवार में जश्न का माहौल बना हुआ है। गौरतलब है कि सीए की परीक्षा उत्तीर्ण करना युवाओं के लिए कठिन चुनौती माना जाता है। इस चुनौती को पार करने के लिए बढ़ापुर निवासी समाजवादी पार्टी के जिला उपाध्यक्ष पंकज अग्रवाल व पूर्व ब्लॉक प्रमुख, कोतवाली ब्लॉक राखी अग्रवाल की पुत्री नित्या अग्रवाल ने दृढ़ संकल्प के साथ कड़ी मेहनत की थी। सोमवार को सीए का रिजल्ट आया। नित्य अग्रवाल ने आरआर मोरारका स्कूल द्वारिकेश नगर से इण्टरमीडिएट परीक्षा उत्तीर्ण की थी। नित्या अग्रवाल ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता–पिता, परिवार के सदस्यों व अपने शिक्षकों को दिया है।



# शिक्षक ने अपने शिक्षकों को सम्मानित किया


डा. अरविन्द के साथ सम्मानित किये गये शिक्षकगण

**नांगल सोती ( चिंगारी )।** सोमवार को स्थानीय राजा भरत सिंह इंटर कॉलेज में एक अनूठा सम्मान समारोह आयोजित किया गया, जिसमें एक शिक्षक ने ही सेवानिवृत्त एवं कार्यरत शिक्षकों को सम्मानित किया।

ग्राम भागूवाला निवासी डा. अरविन्द राजपूत नॉर्थ इंडिया कॉलेज ऑफ हायर एजुकेशन नजीबाबाद में सहायक प्रोफेसर हैं। उन्होंने राजा भरत सिंह इंटर कॉलेज नांगल से भी शिक्षा प्राप्त की है। अपने गुरुओं के प्रति आदर और कृतज्ञता प्रकट करते हुए उन्होंने सोमवार को विद्यालय में विशेष सम्मान समारोह आयोजित किया। उन्होंने विद्यालय के पूर्व प्रधानाचार्य महेशबल शर्मा, सेवानिवृत्त प्रवक्ता वीरेन्द्र सिंह, सेवानिवृत्त शिक्षक सुरेशचंद राजपूत, प्रधानाचार्य राजीव चौहान, वरिष्ठ प्रवक्ता केशव शरण, इतिहास प्रवक्ता हरवीर सिंह, भौतिक विज्ञान प्रवक्ता संजय गोयल को स्मृति चिन्ह भेंट करके एवं शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। विद्यालय परिवार ने डा. अरविन्द राजपूत का धन्यवाद करते हुए उनकी भूरि–भूरि प्रशंसा की और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

ख़बर सबसे पहले
असर सबसे ज़्यादा
चिंगारी

# खो-खो में केपीएस, रस्साकशी में आरबीडी कॉलेज की टीम जीती

**बिजनौर ( चिंगारी )।** रानी भाग्यवती देवी महिला महाविद्यालय बिजनौर में वीरा चेरिटेबल सोसाइटी धर्मनगरी, बिजनौर द्वारा आयोजित 31वें वार्षिक खेल उत्सव के अंतर्गत महिला खो-खो और रस्साकशी प्रतियोगिता का आयोजन महाविद्यालय की सचिव कुंवरानी रुचि वीरा के संरक्षण में किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि रेडियो स्टेशन 89.6 की सचिव स्वाति वीरा महाजन, महाविद्यालय की प्रबंध समिति के सदस्य प्रवीण गुप्ता, कुंवर सत्य वीरा डिग्री कॉलेज के प्राचार्य महेंद्र सिंह कौरव, गोमती कन्या इंटर कॉलेज जानसठ की प्राचार्य ज्योति बाला, दयावती धर्मवीरा पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य, राजीव थॉमस उपस्थित रहे। महाविद्यालय की प्राचार्या प्रोफेसर पारुल त्यागी एवं कार्यक्रम की समन्वयक प्रोफेसर मंजू अरोड़ा एवं सहसमन्वयक डा. सीमा चौधरी ने सभी का स्वागत पुष्प गुच्छ भेंट कर एवं



कैंप लगाकर किया। प्रतियोगिता में कुल आठ टीमों ने प्रतिभाग किया। खो–खो प्रतियोगिता के फाइनल मैच में कुंवरानी प्रेमा सत्य वीरा कन्या इंटर कॉलेज की टीम ने दयावती धर्मवीरा पब्लिक स्कूल को हराकर विजय हासिल की। रस्साकशी प्रतियोगिता में कुल तीन टीमों रानी भाग्यवती देवी महिला महाविद्यालय, कुंवर सत्य वीरा इंजीनियरिंग कॉलेज और कुंवर सत्य वीरा डिग्री कॉलेज की टीम शामिल थीं। फाइनल मैच में रानी भाग्यवती देवी महिला महाविद्यालय की टीम ने कुंवर सत्यवीरा डिग्री कॉलेज को हराकर विजय हासिल की। कार्यक्रम का संचालन श्री मनोज ने किया। कार्यक्रम को संपन्न कराने में खेल समिति के सदस्यों डा.अपर्णा, डा. ऋचा शर्मा, ऋतु सैनी, डा. अल्पना, डा. वर्षा, डा. सीमा चौधरी, अनु, कल्पना, सीमाब, सर्वेश, तौफीक, कपिलकांत गुप्ता आदि का सहयोग रहा।

# मेले हमारी संस्कृति के प्रतीक- तपराज



गंगा पूजन करते हुए मेला समिति के पदाधिकारी

**नांगल सोती ( चिंगारी )।** कल शाम 5 बजे वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच पतित पावनी गंगा मैया में दूध प्रवाहित करके विधि-विधानपूर्वक दो दिवसीय गंगा स्नान मेले का उद्घाटन किया गया। सर्वप्रथम पं. अरविन्द शुक्ला ने विधि-विधानपूर्वक गंगा पूजन कराया। मुख्य यजमान, ब्लॉक प्रमुख नजीबाबाद एवं मेला समिति के संरक्षक तपराज सिंह देशवाल रहे। गंगा पूजन के उपरान्त मुख्य यजमान सहित अन्य व्यक्तियों ने गंगा मैया में दूध प्रवाहित करके मेले का विधिवत रूप से उद्घाटन किया। ब्लॉक प्रमुख तपराज सिंह देशवाल ने कहा कि मेले भारत की पुरातन एवं गौरवशाली संस्कृति, परम्परा के प्रतीक हैं। मेले



गंगा में दूध प्रवाहित कर मेले का उद्घाटन करते ब्लॉक प्रमुख एवं अन्य

## गंगा स्नान मेले का शुभारंभ

सद्भाव, प्रेम एवं एकता का संदेश देते हैं। मेले आर्थिक विषमताओं को भी दूर करने का प्रयास करते हैं। इस अवसर पर भाजपा नेता ईशम सिंह एवं अनुज चौधरी, ग्राम प्रधान मौ. फरमान, वीरेन्द्र शर्मा, सुशील शुक्ला, रामपाल सिंह, गौतम कुमार, सत्यपाल राजपूत, सिंधुराज चौधरी, गार्विन चौधरी, अमित अग्रवाल, शिवकुमार कश्यप, मोनू पंडित, अर्पण चौधरी, प्रशान्त चौधरी, निखिल कुमार, सत्यपाल सिंह, डा. मनजीत चौधरी, माधव शुक्ला सहित काफी व्यक्ति उपस्थित रहे।

# मेले में लगे तंबू और झूले

**नांगल सोती ( चिंगारी )।** गंगा के किनारे रेत के विशाल मैदान पर तंबुओं का शहर बसकर तैयार हो गया है। मेले में अनेक संगठनों के कैम्प भी लग गये हैं तथा बाजार भी सजकर तैयार हो गये हैं। इस बार स्थानीय मेले में ज्यादा दुकानदार आये हैं, क्योंकि बालावाली में मेला लगने के लिये गंगा के किनारे जगह नहीं है। मेला स्थल पर लाइट की व्यवस्था की जा रही है। फायर ब्रिगेड की टीम कल ही मेले में पहुंच गई थी। आज पुलिस ने भी वहां पहुंचकर कानून व्यवस्था संभाल ली है। गंगा के रेतीले तट पर रौनक ही रौनक है। शाम होते ही निर्जन हो जाने वाला स्थान आज रात्रि में कृत्रिम प्रकाश से जगमगायेगा। ब्लॉक प्रमुख तपराज सिंह के नेतृत्व में मेला समिति श्रद्धालुओं की सुविधाओं का ध्यान रखते हुए व्यवस्थायें मुकम्मल करने में युद्धस्तर पर जुटी हुई है। कल ब्रह्ममुहूर्त से श्रद्धालु पतित पावनी गंगा में आस्था एवं विश्वास की डुबकी लगाना शुरू कर देंगे।





# भाकियू ने गंगा स्नान मेले में कैम्प लगाया



**बिजनौर ( चिंगारी )।** विदुर कुटी गंगा स्नान मेले में भारतीय किसान यूनियन टिकैत जिलाध्यक्ष सुनील प्रधान ने कैंप शिविर का उद्घाटन किया। कैंप में किसानों की समस्याओं को लेकर मंथन होगा और समस्याओं पर विचार होगा। संगठन को मजबूत करने के लिए आगे की रणनीति बनाई जाएगी। शिविर में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए चाय-पानी, खाने की व्यवस्था की जाएगी। सोमवार को जिला शिविर के उद्घाटन में जिला अध्यक्ष सुनील प्रधान, युवा जिला अध्यक्ष मनप्रीत सिंह, कोमन सिंह, दिनेश कुमार, अमरपाल सिंह, अरुण, विनीत चौधरी, कपिल चौधरी, रजनीश अहलावत, मोंटी, बूटा सिंह आदि किसान मौजूद रहे।

# सत्यवीरा इंजीनियरिंग कॉलेज के छात्रों ने जीते कई मेडल



**बिजनौर ( चिंगारी )।** कुंवर सत्यवीरा कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट बिजनौर के छात्रों ने आईआईएमटी मेरठ में आयोजित डॉ. अब्दुल कलाम इंटर टेक्निकल यूनिवर्सिटी स्पोर्ट्स फेस्ट 2025-26 (ज़ोनल स्तर) के अंतर्गत विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग किया, जिसमें कुलवीर त्यागी ने 200 मीटर रेस में गोल्ड मेडल व अनमोल भारती ने जेवेलिन सिल्वर मेडल व अनंत कार्तिक ने चेस में सिल्वर मेडल प्राप्त किए। तीन खिलाड़ियों ने अपनी सफलता का श्रेय निदेशक प्रो.डा. अमित कुमार बंसल व स्पोर्ट ऑफिसर डा.अभिषेक चौधरी व विवेक कुमार को दिया है। इस अवसर पर कुंवर सत्यवीरा कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग के सचिव कुंवर उदयन वीरा, रुचिवीरा (सांसद मुरादाबाद) एवं प्रबंध समिति सदस्य स्वाति वीरा ने सभी प्रतिभागियों को बधाई दी व उनके उज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर डीन एकडेमिक्स मनोज कुशवाहा, डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ. लोकेश कुमार अग्रवाल, डा. शुएब अली खान एवं सभी विभागों के विभागाध्यक्ष अंकित राजन अग्रवाल, डा.अजय कुमार, गौरव गुप्ता, डा.शुभम कुमार, विभोर राजवंशी, सुधीर कुमार एवं सुनील भारद्वाज, एनपीएस भण्डारी आदि ने सभी प्रतिभागियों को बधाई दी।

# पेंशनर्स एसोसिएशन की बैठक में द्विवार्षिक अधिवेशन की रूपरेखा तैयार की

**बिजनौर ( चिंगारी )।** सेवानिवृत कर्मचारी एवं पेंशनर्स एसोसिएशन जनपद शाखा बिजनौर की मासिक बैठक संगठन के कार्यालय पुराना महिला चिकित्सालय सिविल लाइन शिवध्यान सिंह जिला अध्यक्ष की अध्यक्षता व योगेश्वर जिला मंत्री के संचालन में सम्पन्न हुई। शिव ध्यानसिंह ने अपने संबोधन में जनपद शाखा के 23 नवंबर को विकास भवन बिजनौर के सभा कक्ष में होने वाले द्विवार्षिक अधिवेशन/चुनाव एवं आठवें वेतन आयोग के गठन के बारे में विस्तार से प्रकाश डाला। योगेश्वर जिला मंत्री ने संगठन की मतदाता सूची पढ़कर सुनाई। बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों ने उक्त मतदाता सूची को सही बताते हुए इसका अनुमोदन किया। इसके साथ ही सरकार से मांग की कि राशि कारण की कटौती 10 वर्षों में ही पूर्ण मानी जाए तथा पुरानी पेंशन व्यवस्था को तत्काल बहाल किया जाए। बलबीर सिंह संरक्षक ने अपने विचारों में कहा कि आठवें वेतन आयोग की गठित समिति अपना निर्णय जल्दी सरकार को प्रस्तुत करें। शोकेंद्रपाल सिंह द्वारा साइबर क्राइम के बारे में विस्तृत जानकारी दी। बैठक में शशिकांत मिश्रा, ओमवीर सिंह मलिक, महेंद्र सिंह, बृजेश सिंह, अमन सिंह, ओम सिंह, विजेंद्र सिंह राठी, हरवीर सिंह, बलजीत सिंह, देवेंद्र सिंह, महेंद्र सिंह, रोहतास सिंह, पीतम सिंह, जयपाल सिंह, राजेंद्र कुमार, राजकुमार अग्रवाल, विजयपाल सिंह, टीकम सिंह, भरत सिंह, गजेंद्र सिंह आदि ने अपने विचार रखे। अंत में देवेंद्र सिंह सहायक विकास अधिकारी के निधन पर शोक सभा कर दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि दी गई।

**भली लगे या बुरी...**

## विचारों की स्वतंत्रता यानि लोकतंत्र की आत्मा

कभी सनातन परम्परा में भले ही तर्क और शास्त्रार्थ को सिर माथे लिया जाता रहा हो, लेकिन इन दिनों ऐसा लगता है मानो किसी दूसरे विचार की अभिव्यक्ति अपराध हो। सत्तारूढ़ ताकतें धर्म, राष्ट्रप्रेम और ऐसे ही अन्य विभिन्न क्षेत्रों की जो व्याख्या समझाने की कोशिश करती रहती हैं, उनसे अलग तर्क देना मानो अपराध हो। ऐसे में यह समझना कठिन नहीं है कि हमारे संविधान में मिली अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की वास्तविक स्थिति कैसी है। किसी व्यक्ति विशेष और दल विशेष या सरकार की आलोचना करने का मतलब देश का विरोध करना कहा जाने लगा है। ऐसे में विचार भिन्नता जो लोकतंत्र की सबसे बड़ी खूबी है, उसकी स्वीकार्यता एक तबके में कम होती जा रही है। हालांकि इसके बावजूद अनेक लोकतंत्र समर्थक जागरूक लोग अपनी बात रख रहे हैं और देश को किसी मुद्दे का दूसरा पहलू समझने के लिए प्रायः प्रेरित कर रहे हैं।

सुप्रसिद्ध विचारक थॉमस हॉब्स अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के बारे में अपनी राय व्यक्त करते हुए कहते हैं कि एक आदर्श राज्य को अपने नागरिकों को वह माहौल और मंच उपलब्ध कराना चाहिए, जहां वे अपनी अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और देश निर्माण की स्वतंत्रता का इस्तेमाल कर सकें। यह राज्य का कर्तव्य है। अगर राज्य का कोई अंग इसमें बाधा पहुंचाता है, तो वह राज्य की बुनियाद को कमजोर कर उसके अस्तित्व के लिए खतरा उपस्थित करता है। इन दोनों अधिकारों के अबाध रूप से इस्तेमाल की आजादी नागरिकों को सृजनात्मक रूप से समृद्ध कर राज्य को बेहतर बनाने में अपना योगदान प्रदान करती है। इसकी विपरीत स्थिति में सामाजिक विफलता के माध्यम से यह एक राज्य को विफलता की ओर ले जाती है। जिस तरह से आज के दौर में राज्य की स्वायत्तता के नाम पर व्यक्ति के अधिकारों की बाड़बंदी करने का काम किया जा रहा है, वह रूसो की याद दिलाता है जिन्होंने व्यक्तियों की स्वायत्तता की अवधारणा दी थी और इसका इस्तेमाल शासन की वैधता में दैवीय अधिकार को नकारने के लिए किया था। वे इस बात के खिलाफ थे कि न्यायालय की अवमानना सहित राज्य के किसी कानून का इस्तेमाल नागरिकों की असहमति की आवाज को खामोश करने के लिए किया जाए।

# 52 साल के इंतज़ार का अंत

# भारत की बेटियां बनीं विश्व कप की विजेता

**इस जीत के बाद देशभर में जश्न का माहौल है। सड़कों पर जुलूस निकले, गलियों में पटाखे फूटे और सोशल मीडिया पर बेटियों के नाम की गूंज सुनाई दी। लोग इसे 1983 की पुरुष टीम की ऐतिहासिक जीत से जोड़कर देख रहे हैं। तब कपिल देव की टीम ने भारत में क्रिकेट का सपना जगाया था, अब हरमनप्रीत की टीम ने उसे नई ऊंचाई दी है। इस ऐतिहासिक जीत के बाद भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने खिलाड़ियों के लिए रिकॉर्ड इनाम की घोषणा की।**



-अजय कुमार
लखनऊ

नवी मुंबई की वो शाम अब हमेशा याद रखी जाएगी। 2 नवंबर 2025 वो तारीख जब भारत की महिला क्रिकेट टीम ने पहली बार विश्वकप का ताज अपने सिर पर सजाया। यह जीत केवल एक खेल का परिणाम नहीं थी, बल्कि 52 साल के लंबे इंतजार का अंत थी। यह जीत उस विश्वास की कहानी है, जिसे भारत की बेटियों ने अपने परिश्रम, साहस और हौसले से सच कर दिखाया।

डी.वाई. पाटिल स्टेडियम में खेला गया यह फाइनल मैच पूरे देश की धड़कनों से जुड़ा था। टीम इंडिया की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। शुरुआती विकेट जल्दी गिरने से स्टेडियम में हल्की चिंता थी, लेकिन तभी शेफाली वर्मा और दीप्ति शर्मा ने मोर्चा संभाल लिया। शेफाली की बल्लेबाज़ी में आत्मविश्वास झलक रहा था। उन्होंने 87 रन बनाकर भारत को मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया। दीप्ति शर्मा ने 58 रनों की समझदारी भरी पारी खेली और बाद में गेंदबाजी में भी अपना जलवा दिखाया। भारत ने निर्धारित 50 ओवर में 7 विकेट पर 298 रन बनाए।




लक्ष्य छोटा नहीं था, लेकिन दक्षिण अफ्रीका की टीम के इरादे भी बड़े थे। उनकी ओपनर लॉरा वोल्वार्ट ने शानदार अर्धशतक लगाया और कुछ देर के लिए भारतीय समर्थक खामोश हो गए। लेकिन रेणुका सिंह और पूनम यादव ने मिलकर खेल की दिशा बदल दी। दीप्ति शर्मा ने गेंदबाजी में कमाल करते हुए 5 विकेट चटकाए और साउथ अफ्रीका को 246 रनों पर रोक दिया। जैसे ही आखिरी विकेट गिरा, पूरा स्टेडियम तिरंगे के रंग में डूब गया। भारतीय टीम 52 रनों से जीत गई और यही 52 साल का प्रतीक बन गया, उस लंबे इंतजार का जो आखिरकार आज समाप्त हुआ। मैदान पर जो हुआ, वह सिर्फ एक खेल की जीत नहीं थी, वह इतिहास की दिशा बदलने वाला क्षण था। जब हरमनप्रीत कौर ने ट्रॉफी उठाई, तो उनके आंसू सिर्फ खुशी के नहीं थे, वो उन सालों का बोझ थे, जब भारतीय महिला क्रिकेट को नजरअंदाज किया गया, जब उन्हें अभ्यास के लिए मैदान नहीं मिलते थे, जब सुविधाएं सीमित थीं और सवाल बहुत। आज उन सवालों का जवाब तिरंगे के रूप में आसमान में लहराया। यह जीत उन तमाम दिग्गज खिलाड़ियों की भी है, जिन्होंने दशकों तक इस सपने के लिए मेहनत की। डायना एडुल्जी, मिताली राज, झूलन गोस्वामी, अंजुम चोपड़ा जैसी खिलाड़ियों ने जो बीज बोया, वह आज फल बनकर सामने आया। उनके संघर्ष ने आने वाली पीढ़ियों को राह दिखाई। अब वही राह और चौड़ी हो चुकी है।

इस जीत के बाद देशभर में जश्न का माहौल है। सड़कों पर जुलूस निकले, गलियों में पटाखे फूटे और सोशल मीडिया पर बेटियों के नाम की गूंज सुनाई दी। लोग इसे 1983 की पुरुष टीम की ऐतिहासिक जीत से जोड़कर देख रहे हैं। तब कपिल देव की टीम ने भारत में क्रिकेट का सपना जगाया था, अब हरमनप्रीत की टीम ने उसे नई ऊंचाई दी है। इस ऐतिहासिक जीत के बाद भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने खिलाड़ियों के लिए रिकॉर्ड इनाम की घोषणा की। सरकार ने भी इन खिलाड़ियों को सम्मानित करने की घोषणा की है। देश के प्रधानमंत्री ने इस जीत को भारत की बेटियों की शक्ति बताया और कहा कि आने वाली पीढ़ियों के लिए यह प्रेरणा का स्रोत बनेगी। यह जीत केवल ट्रॉफी की नहीं है, यह समाज की सोच में बदलाव की जीत है। अब कोई यह नहीं कह सकेगा कि लड़कियां क्रिकेट नहीं खेल सकतीं। अब माता-पिता अपनी बेटियों में शेफाली की चमक, दीप्ति का धैर्य, हरमन की नेतृत्व क्षमता और स्मृति मंधाना का आत्मविश्वास देखेंगे। स्कूलों और छोटे शहरों में खेल की सुविधाएं बढ़ेंगी और क्रिकेट सिर्फ पुरुषों का नहीं, सबका खेल बनेगा।

52 साल का इंतजार, संघर्षों से भरी आधी सदी और आखिर में यह सुनहरा सवेरा। भारत की बेटियों ने दिखा दिया कि सपने तब पूरे होते हैं, जब हार मानने की गुंजाइश न छोड़ी जाए। आज जब कोई बच्ची बल्ला उठाती है, तो उसके साथ पूरे देश की उम्मीद उठती है। जब कोई पिता बेटी को मैदान तक छोड़ता है, तो उसके दिल में गर्व की लहर दौड़ती है। यह जीत आने वाले समय के लिए वह मशाल है जो हर गली, हर स्कूल, हर परिवार तक पहुंचेगी। अब भारत का नाम महिला क्रिकेट की विश्व विजेता सूची में दर्ज हो गया है और यह दर्जा केवल खेल का नहीं, बल्कि एक विचार का भी है कि अवसर मिले तो भारतीय बेटियां किसी भी ऊंचाई को छू सकती हैं। उन्होंने इतिहास लिखा और आने वाली पीढ़ियों को यह भरोसा दिया कि अगर हिम्मत हो, तो 52 साल का इंतजार भी एक दिन खत्म होता है। आज यह जीत सिर्फ़ मैदान की नहीं, हर उस बेटी के सपने की जीत है, जिसने कभी कहा था मैं भी खेलूंगी और जीतूंगी।

## अगर हमारे पास धन है तो उसका उपयोग मानवता की सेवा के लिए करना चाहिए

**प्रेरक-प्रसंग**

स्वामी विवेकानंद से जुड़ा किस्सा है। विवेकानंद जी हिमालय में भ्रमण कर रहे थे। वे एकांत में तपस्या करना चाहते थे। उस समय उन्हें सूचना मिली कि कोलकाता में प्लेग फैल गया है और ये बीमारी अनियंत्रित हो गई है। लोग लगातार मर रहे हैं। ये सूचना मिलने के बाद विवेकानंद जी ने विचार किया कि मुझे कोलकाता पहुंचना चाहिए। ऐसा सोचकर वे हिमालय से तुरंत ही कोलकाता पहुंच गए। विवेकानंद जी ने कोलकाता में एक बहुत बड़ा मैदान किराए पर लिया और रोगियों के इलाज के लिए वहां एक विशाल शिविर लगाया, लेकिन उनके सेवकों ने उन्हें सूचना दी कि इस काम में जितना धन चाहिए, उतना धन हमारे पास नहीं है। स्वामी जी ने सेवकों से कहा पिछले दिनों हमने अपने मठ के लिए एक भूमि खरीदी थी, अभी वह भूमि और ज्यादा महंगी हो गई है। हमें उस भूमि पर निर्माण करने के लिए धन की आवश्यकता थी। वो धन हम एकत्र कर नहीं पाए तो भूमि अभी ऐसी ही है। अब ये बीमारी आ गई है। मेरी सभी से विनती है कि हमें ये भूमि बेच देनी चाहिए। लोगों ने कहा इस भूमि को हमने बड़ी मुश्किल से खरीदा है। अब आप इसे बेचने की बात कर रहे हैं।

# उत्तराखंड देवभूमि से अध्यात्म और शौर्य की परंपराएं प्रवाहित होती रही हैं- राष्ट्रपति

देहरादून ( चिंगारी )। देश की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोमवार को कहा कि उत्तराखंड की देव-भूमि से अध्यात्म और शौर्य की परम्पराएं प्रवाहित होती रही हैं। भारत का यह पवित्र भूखंड अनेक ऋषि-मुनियों की तपस्थली रहा है। कुमाऊं रेजिमेंट तथा गढ़वाल रेजिमेंट के नाम से ही यहां की शौर्य परंपरा का परिचय मिलता है। उत्तराखंड राज्य गठन के रजत जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित विधानसभा के विशेष सत्र को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि यहां के युवाओं में भारतीय सेना में सेवा करके मातृ-भूमि की रक्षा करने के प्रति उत्साह दिखाई देता है। उत्तराखंड की यह शौर्य परंपरा सभी देशवासियों के लिए गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि भारत की लोकतान्त्रिक परंपरा को शक्ति प्रदान करने में उत्तराखंड के अनेक जनसेवकों ने महत्वपूर्ण योगदान दिया है। श्रीमती मुर्मू ने अपने अभिभाषण में कहा कि



उत्तराखंड राज्य की स्थापना की रजत जयंती के ऐतिहासिक अवसर पर, लोकतन्त्र के इस मंदिर में विधानसभा के विशेष सत्र में आप सबके बीच आकर बहुत प्रसन्नता हो रही है। उन्होंने इस अवसर पर राज्य विधानसभा के पूर्व और वर्तमान सदस्यों तथा राज्य के सभी निवासियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी के प्रधानमंत्री के कार्यकाल के दौरान, यहां के जनमानस की आकांक्षा के अनुरूप, बेहतर प्रशासन और संतुलित विकास की दृष्टि से, वर्ष 2000 के नवंबर महीने में इस राज्य की स्थापना की गई। राष्ट्रपति ने कहा, यह बहुत प्रसन्नता की बात है कि विगत पच्चीस वर्षों की यात्रा के दौरान उत्तराखंड के लोगों ने विकास के प्रभावशाली लक्ष्य हासिल किए हैं। पर्यावरण, ऊर्जा, पर्यटन, स्वास्थ्य-सेवा और शिक्षा के क्षेत्रों में राज्य ने सराहनीय प्रगति की है।

# चयन वेतनमान और डिजिटल अटेंडेंस को लेकर प्रतिनिधिमंडल बीएसए से मिला



बिजनौर ( चिंगारी )। तीन नवंबर की शाम को राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ का एक प्रतिनिधिमंडल जिला अध्यक्ष दिग्विजय सिंह के नेतृत्व में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सचिन कसाना से मिला। प्रतिनिधिमंडल ने चयन वेतनमान और डिजिटल अटेंडेंस के बारे में विस्तार से वार्ता की और कहा कि शिक्षक किसी भी तरह से अपने ऊपर अन्याय नहीं सहेगा। किसी भी गलत आदेश का पुरजोर विरोध किया जाएगा। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने संघ को आश्वस्त किया कि शीघ्र ही जो भी पात्र अध्यापक हैं, उनका चयन वेतनमान स्वीकृत किया जाएगा। इसके लिए संबंधित पटल सहायक को बुलाकर प्रतिनिधिमंडल के सामने विस्तारपूर्वक तथ्यों को समझा। प्रतिनिधिमंडल में मंडल मंत्री रितेश भटनागर, जिला संगठन मंत्री विष्णु, जिला महामंत्री अमर सिंह, जिला उपाध्यक्ष जयदीप मलिक, जिला मंत्री गौरव कुमार, जिला मीडिया प्रभारी अरुण उपाध्याय, रूपाली सिंह, डॉ. सुमित कुमार बंसल आदि उपस्थित रहे।

# पुलकित हॉस्पिटल लगायेगा बैराज पर शिविर

बिजनौर ( चिंगारी )। पुलकित मेमोरियल हॉस्पिटल द्वारा गंगा बैराज पर कार्तिक पूर्णिमा के पावन अवसर पर प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी कल 5 नवम्बर को निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया जायेगा। हॉस्पिटल की एक विज्ञप्ति के अनुसार शिविर में श्रद्धालुओं का स्वास्थ्य परीक्षण एवं निःशुल्क दवाई वितरण के साथ-साथ भण्डारे का भी आयोजन होगा। हॉस्पिटल की ओर से सभी श्रद्धालुओं से शिविर में पहुंचकर सेवा का लाभ उठाने की अपील की गई है।

# चलते-चलते गिर पड़े और चल बसे

नहटौर ( चिंगारी )। नगर के मोहल्ला जोशियान निवासी 45 वर्षीय हृदयेश के आकस्मिक निधन से उनके परिवार में कोहराम मच गया। बता दें कि हृदयेश चलते-चलते अचानक गिर पड़े थे। उन्हें तत्काल सीएचसी ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। सीएचसी के डा. भानुप्रताप सिंह ने बताया कि हृदयेश की मौत दिल का दौरा पड़ने से हुई। सीपीआर सहित त्वरित उपचार किया गया, लेकिन उन्हें बचाया नहीं जा सका। मृतक अपने पीछे पत्नी व पांच बच्चों को छोड़ गये। मोहल्ले में शोक व्याप्त हो गया।

# कन्या गुरुकुल महाविद्यालय नवलपुर का वार्षिकोत्सव मनाया जायेगा धूमधाम से

बिजनौर ( चिंगारी )। वैदिक श्रीमद दयानंद आर्ष कन्या गुरुकुल महाविद्यालय नवलपुर का 18वां वार्षिकोत्सव एवं स्थापना दिवस 6 नवम्बर से 9 नवम्बर तक मनाया जायेगा। महोत्सव का शुभारंभ 6 नवम्बर को शोभायात्रा के साथ होगा। नेहरू स्टेडियम के सामने से शोभायात्रा प्रातः 10 बजे शुरू होगी। मुख्य अतिथि श्रीमती जसजीत कौर जिलाधिकारी होंगी। इससे पूर्व महाविद्यालय में प्रातः 8:30 बजे ध्वजारोहण किया जायेगा। यज्ञ, भजन व प्रवचन सायं 3:00 बजे से 6:00 बजे तक होंगे। मुख्य अतिथि रणसिंह आर्य व सुखवीर सिंह होंगे। 7 नवम्बर को यज्ञ, भजन व प्रवचन प्रातः 9 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक आयोजित किये जायेंगे। मुख्य अतिथि सत्येन्द्र आर्य एवं डा. सुरेशचंद तोमर होंगे। 7 नवम्बर को ही सायं 3:00 से 6:30 बजे तक भी यज्ञ, भजन व प्रवचन का आयोजन किया जायेगा। इसी तरह 8 व 9 नवम्बर को यज्ञ, भजन व प्रवचन होंगे। प्रबंधक सुशील आर्य ने बताया कि वार्षिकोत्सव की तैयारियां युद्धस्तर पर की जा रही हैं।

# शूटिंग में नाजिश को मिला स्वर्ण पदक




बिजनौर ( चिंगारी )। पंजाब के पटियाला में आयोजित हुई 0175 इंडिया ओपन शॉटगन प्रतियोगिता में बिजनौर के मशहूर निशानेबाज नाजिश विकार ने स्वर्ण पदक जीतकर जनपद का नाम रोशन किया है। उन्होंने यह पदक डबल ट्रेक के सीनियर वर्ग में प्राप्त किया। इससे पहले नाजिश विकार नेशनल लेवल पर ट्रेक व स्कीट स्पर्धा में कई बार विख्यात निशानेबाज का दर्जा प्राप्त कर चुके हैं। इस बार उन्होंने डबल ट्रेक में भी निशाना साधा और स्वर्ण पदक के साथ-साथ राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिये भी क्वालीफाई कर लिया है, जो दिसम्बर माह में होनी है। नाजिश विकार के स्वर्ण पदक जीतने से शूटिंग सहित सभी खेलप्रेमियों में हर्ष व्याप्त है।

# बास्केटबॉल प्रतियोगिता में डीपीएस बिजनौर बना विजेता

नूरपुर ( चिंगारी )। आरआर पब्लिक स्कूल में एक दिवसीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। डीपीएस पब्लिक स्कूल बिजनौर की टीम ने आरआर पब्लिक स्कूल नूरपुर की टीम को हराकर ट्राफी पर कब्जा जमाया। जनपद स्तरीय पुरुष वर्ग बास्केटबॉल चैंपियनशिप का शुभारंभ स्कूल के प्रधानाचार्य प्रणय मनु गुप्ता, दिव्य भारती प्रदेश अध्यक्ष योगेंद्र पाल सिंह योगी ने फीता काटकर किया। स्कूल के कप्तान मयंक कुमार ने प्रतिभागियों को खेल प्रतिज्ञा दिलाई। चैंपियनशिप के फाइनल मुकाबले में डीपीएस स्कूल बिजनौर की टीम ने आरआर पब्लिक स्कूल नूरपुर को पराजित कर ट्राफी



अपने नाम की। मुख्य अतिथि योगेश्वर त्यागी, बिजनौर स्कूल सहोदर कंपलेक्स के सचिव इंद्रपाल व मौहम्मद राशिद ने विजेता एवं उपविजेता टीमों को ट्रॉफी और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन अजय चौहान ने किया। मैच के रैफ्री अशोक त्यागी, सुजीत कुमार व आयुषी सिंघल रहे।

# अभियान जारी है लगातार पोस्टकार्ड खरीदे 5 हजार

धामपुर ( चिंगारी )। भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक का पोस्टकार्ड अभियान लगातार जारी है। यूनियन की अल्हैपुर ब्लॉक कमेटी ने कल धामपुर पोस्ट ऑफिस से पांच हजार पोस्टकार्ड खरीदे। श्री दुष्यंत राणा ने बताया कि ये पोस्टकार्ड गंगा एक्सप्रेस-वे को बिजनौर जनपद से जोड़े जाने तथा जनपद में कृषि विश्वविद्यालय खोले जाने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को भेजे जायेंगे। इस अवसर पर दुष्यंत राणा, अजय, नरेश प्रधान, सुशील कुमार, सुदामा, सुरेश कुमार, विरेन्द्र सिंह, उत्तम कुमार, हुकम सिंह, धनवीर सिंह भोला आदि मौजूद रहे।

# भारतीय किसान यूनियन ने विरोध कर अवैध खनन बंद कराया

## लखनऊ की टीम ने पांच पोकलेन मशीनें सीज कराईं

नजीबाबाद (चिंगारी)। भारतीय किसान यूनियन ने बीरूवाला क्षेत्र में पट्टे की आड़ में बड़े पैमाने पर अवैध रूप से चल रहा अवैध खनन विरोध प्रदर्शन कर बंद करा दिया। किसानों ने इसकी शिकायत मौके पर लखनऊ से पहुंची टीम के अधिकारियों से भी की। किसानों के विरोध के बाद लखनऊ से आई टीम ने अवैध खनन बंद कराकर पांच पोकलेन मशीन सीज करा दी। यह मशीनें क्षेत्र में दिन-रात अवैध रूप से खनन के काम में लगी थी। बताया जाता है कि खनन के दौरान पोकलेन मशीन से क्षेत्र से गुजर रही 11 हजार की लाइन को भी नुकसान हुआ है। किसान यूनियन के प्रदेश महासचिव युवा वरिंदर बाठ ने कहा कि एक तरफ एनएचआई वाले काफी समय बाद भी कोटद्वार मार्ग की रोड नहीं बना पा रहे। रोड बुरी तरह से खराब पड़ी होने से क्षेत्र के लोगों को मिट्टी व गड्ढों के बीच से गुजरना काफी परेशानी का काम हो रहा है। ऊपर से इस क्षतिग्रस्त रोड से निर्माण के दौरान ही प्रतिदिन अवैध खनन के ओवरलोड डंपर पूरे क्षेत्र में धूल उड़ाते हुए चल रहे है। उन्होंने ओवरलोड वाहनों के खिलाफ सख्त कार्रवाई कराने की मांग की है। उन्होंने समस्या का समाधान न होने पर भाकियू के क्षेत्रवासियों के साथ धरना प्रदर्शन फिर किये जाने की चेतावनी दी है। इस मौके पर मनजीत गलोरिया, जसप्रीत, सुखपाल, तेजपाल, मनप्रीत, गुरजीत काका, प्रधान खुर्शीद अहमद, गुरवेल बाठ, बलजीत सिंह, दविंदर सिंह, अमृत पाल आदि मौजूद रहे।


अवैध खनन का विरोध करते भाकियू के कार्यकर्ता।

## भाजपा नेता की पुत्री वैष्णवी ने सिल्वर मेडल जीतकर नाम रोशन किया

नजीबाबाद (चिंगारी)। संस्कृति फाऊंडेशन के संस्थापक/अध्यक्ष व भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा मोर्चा सोशल मीडिया के जिला प्रमुख रितेश सैन की पुत्री वैष्णवी सैन ने उत्तराखंड ओपन नेशनल ताइक्वांडो चैम्पियनशिप में सिल्वर मेडल जीतकर अपने क्षेत्र, सैन समाज व अपने गुरुजनों का नाम रोशन किया है। उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व वैष्णवी देहरादून में जिला स्तरीय ताइक्वांडो चौम्पियनशिप में गोल्ड मेडल तथा सिल्वर मेडल जीत चुकी है। नजीबाबाद ताइक्वांडो ट्रेनिंग अकादमी के मुख्य कोच रिंकू वर्मा के प्रयास से अकादमी के अधिकतर बच्चे ताइक्वांडो में अपना परचम जिला स्तर से अंतराष्ट्रीय स्तर तक फहराकर क्षेत्र का नाम रोशन कर चुके हैं। इसका श्रेय रिंकू वर्मा के कठिन परिश्रम को जाता है।




## विशाल चौहान के सीए की परीक्षा उत्तीर्ण करने पर परिवार में खुशी

नजीबाबाद (चिंगारी)। नगर निवासी आयकर अधिवक्ता राजेंद्र सिंह के पुत्र विशाल चौहान के सीए इंस्टिट्यूट नई दिल्ली से सीए की परीक्षा उत्तीर्ण करने पर उनके परिवार में खुशी का माहौल है। विशाल चौहान ने हाईस्कूल व इंटर सेंट मैरी स्कूल नजीबाबाद से किया था। विशाल ने अपनी इस कामयाबी का श्रेय अपने गुरुजनों, माता पिता व बहन को दिया। विशाल का कहना है कि उनकी प्रेरणा से ही वह इस कठिन लक्ष्य को पार कर पाया हूं। विशाल ने यह भी बताया कि सीए की परीक्षा उत्तीर्ण करना बहुत आसान नहीं था। इसके लिए उसने कड़ी मेहनत करते हुए 13 से 14 घंटे तक पढ़ाई की है। जिसके बाद उसे कामयाबी मिली। इसके लिए परिवार ने भी उसे हर तरह से सपोर्ट किया। विशाल ने यह भी बताया कि इंटर के बाद से उसने सीए बनने का लक्ष्य बना लिया था। उसके बाद से ही वह अपने लक्ष्य की तरफ बढ़ने के लिए तैयार हो चुका था। विशाल चौहान का मानना है कि किसी भी काम को सच्ची मेहनत व लगन से किया जाए तो सफलता जरूर मिलती है। विशाल चौहान की इस उपलब्धि से परिवार में भी खुशी का माहौल है।



## कांठपुर में गुरू गोरखनाथ लीला का शुभारंभ

मंडावली/नजीबाबाद (चिंगारी)। क्षेत्र के ग्राम औरंगपुर बसंता उर्फ कांठपुर में गुरु गोरखनाथ लीला का आयोजन किया गया, जिसका शुभारंभ सहकारी समिति सिकरोड़ा के चेयरमैन शेषपाल राठी व डॉक्टर मोहन कश्यप ने संयुक्त रूप से विधिवत पूजा अर्चना कर किया। गुरु गोरखनाथ की प्रतिमा पर श्रद्धालुओं ने श्रद्धाभाव के साथ माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित कर नमन करते हुए उनके आदर्शों को अपनाने का संकल्प लिया। बाबा गुरु गोरखनाथ के जयकारे लगाए। गुरु गोरखनाथ के जन्म की कथा लीला दिखाई गई। इस मौके पर जोगिंद्र उपाध्याय, मनोज राठी, लोकेंद्र उपाध्याय, प्रमोद राठी, गजे उपाध्याय आदि मौजूद रहे।


लीला का शुभारंभ करते हुए अतिथि।

## देवराज सहगल बड़िया शाखा के अध्यक्ष मनोनीत

नजीबाबाद (चिंगारी)। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन के जिलाध्यक्ष कपिल सर्राफ ने देवराज सहगल को बड़िया शाखा का अध्यक्ष मनोनीत करते हुए उनका फूल मालाएं पहनाकर व मनोनयन पत्र भेंट कर स्वागत किया। मुख्य अतिथि जिलाध्यक्ष कपिल सर्राफ ने कहा कि देवराज सहगल सामाजिक, कर्मठ, जुझारू व व्यापारियों के हितैषी नेता हैं। उनके अध्यक्ष बनने से बड़िया शाखा के व्यापारियों को मजबूती मिलेगी। नवमनोनीत अध्यक्ष देवराज सहगल ने कहा कि व्यापारियों का उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। समारोह का संचालन नगर अध्यक्ष शाहिद सिद्दीकी ने किया। समारोह में प्रदेश संगठन मंत्री डॉ. राजीव अरोड़ा, प्रदेश मंत्री रचित अग्रवाल, जिला उपाध्यक्ष मुकीम कुरैशी, जिला उपाध्यक्ष मोहम्मद फैसल, जिला महासचिव रईस कुरैशी, शाखा अध्यक्ष मोनू टाटा, फहीम घोसी, नगर सचिव धीरज झा, मोहम्मद जकी, पंकज वर्मा, मोहम्मद रिजवान, मोहम्मद आसिफ, मोहम्मद असलम आदि अनेकों व्यापारी एवं पदाधिकारी मौजूद रहे।


देवराज सहगल को मनोनयन पत्र भेंट करते जिलाध्यक्ष कपिल सर्राफ।

## पूर्व ब्लॉक प्रमुख एड. अबरार, साथियों के साथ हुये 'हाथी' पर सवार

### बसपा के टिकट पर विधानसभा चुनाव की तैयारी करने की चर्चा

नजीबाबाद (चिंगारी)। बहुजन समाज पार्टी की एक बैठक मंडावली में आयोजित की गई। जिसमें सैकड़ो लोगो ने अन्य पार्टी छोड़कर बहुजन समाज पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। नजीबाबाद विधानसभा के भागूवाला निवासी अबरार एडवोकेट एवं मंडावली निवासी डॉक्टर हसीनुद्दीन, मौलाना साजिद, बुंदू ठेकेदार, आबिद, गजन्फर खां, शमीम प्रधान, शाहनवाज, आदिल आदि अपने सैकड़ो साथियों सहित समाजवादी पार्टी छोड़कर बहुजन समाज पार्टी में शामिल हुए तथा शेषपाल राठी पूर्व सैनिक चेयरमैन सोसाइटी मंडावली, विपिन कुमार जिला अध्यक्ष किसान यूनियन बिजनौर, सिकरौडा निवासी पंकज त्यागी, अमित राठी, आकाश राठी, लवकुश, प्रमोद राठी, युद्धवीर सिंह, आकाश राठी, मोहित कालिया, राहुल चौधरी, धर्मेंद्र, मनोज कश्यप आदि ने अपने साथियों के साथ बहुजन समाज पार्टी में शामिल हुए। सभी का फूलमाला पहनाकर स्वागत किया गया। बैठक में अखिलेश हितैषी, डीपी, रवि, सुरेंद्र सिंह, सुरेश कुमार, अजय कुमार, नरेंद्र कुमार रवि आदि उपस्थित रहे। बसपा के मंडल कार्यालय मुरादाबाद में मंडल स्तरीय समीक्षा बैठक में बाबू मुनकाद अली राष्ट्रीय महासचिव, पूर्व सांसद गिरीशचंद जाटव मुख्य मंडल प्रभारी मेरठ-मुरादाबाद ने अबरार आलम एडवोकेट व शीश पाल राठी का साथियों के साथ स्वागत किया। सभी कार्यकर्ताओं से पार्टी के संगठन को मजबूत करके 2027 में बसपा की सरकार बनाने का आवाहन किया। बैठक में सुरेंद्र सिंह सिंह, डीपी सिंह रवि, नरेंद्र कुमार रवि, डॉटर कलवा विश्वकर्मा, सुरेश कुमार, विजेंद्र कश्यप आदि उपस्थित रहे।


बसपा के मंडल कार्यालय पर मौजूद नजीबाबाद के बसपा नेता व कार्यकर्ता।

# गंगा स्नान मेला सामाजिक एकता का उत्सव- सतेन्द्र सिसौदिया

## यह मेला हमें हमारी जड़ों से जोड़ता है- साकेंद्र प्रताप





गंगा आरती करते हुए मुख्य अतिथि सतेंद्र सिसौदिया, जिला पंचायत अध्यक्ष व अन्य अतिथिगण। मेले का फीता काटकर उद्घाटन करते हुए मुख्य अतिथि सतेंद्र सिसौदिया।

### विदुरकुटी में गंगा स्नान मेले का विधि-विधानपूर्वक शुभारंभ

**गंज/बिजनौर ( चिंगारी )**। महात्मा विदुर की तपोभूमि विदुर कुटी पर जिला पंचायत बिजनौर द्वारा आयोजित कार्तिक पूर्णिमा गंगा स्नान मेले का उद्घाटन भारतीय जनता पार्टी के क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेन्द्र सिसौदिया, जिला पंचायत अध्यक्ष चौधरी साकेंद्र प्रताप सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष भूपेन्द्र चौहान बॉबी, वरिष्ठ भाजपा नेता ऐश्वर्य मौसम चौधरी, नगर पालिका अध्यक्ष इन्दिरा सिंह एवं जिलाधिकारी जसजीत कौर ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। पंडित शिवकुमार ने मंत्रोच्चारण कर मुख्य अतिथि श्री सतेन्द्र सिसौदिया से गंगा का दुग्धाभिषेक कराया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि सतेंद्र सिसौदिया ने कहा कि गंगा में स्नान से तन और मन की स्वच्छता होती है। गंगा मैया स्नान मात्र से हमारे पापों का निवारण कर देती हैं, तो समझिये कि गंगा खुद कितनी पवित्र हैं। पवित्रता केवल जल में नहीं बल्कि हमारे मन और कर्म में भी होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि मेला हमारी संस्कृति और सामाजिक एकता का उत्सव होता है। गंगा देश की संस्कृति का प्रतीक है।



श्री सतेंद्र सिसौदिया का स्वागत करते हुए भूपेंद्र चौहान, साकेंद्र प्रताप व मौसम चौधरी।

जिला पंचायत अध्यक्ष साकेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि गंगा स्नान आत्मा को शुद्ध करने का माध्यम है। यह मेला हमें हमारी जड़ों से जोड़ता है। गंगा को पवित्र रखना हम सबकी जिम्मेदारी है। भाजपा जिलाध्यक्ष भूपेन्द्र चौहान बॉबी ने कहा कि गंगा स्नान मेला सामाजिक समरसता का प्रतीक है। जिलाधिकारी जसजीत कौर ने बताया कि प्रशासन की ओर से मेले में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिये काफी बंदोबस्त किये गये हैं। उन्होंने मेला सकुशल सम्पन्न होने के लिये मां गंगा से प्रार्थना की।

इस अवसर पर सीडीओ रणविजय सिंह, एडीएम प्रशासन विनय कुमार, एसडीएम सदर रितु चौधरी, सीओ संग्राम सिंह, भाजपा जिला महामंत्री विनय कुमार, क्षेत्रीय मंत्री  हरजिंदर कौर व अनूप बल्मीकि, वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ. बीरबल सिंह, नगर पंचायत अध्यक्ष झालू लोकेंद्र चौधरी, जिला अध्यक्ष भाजपा युवा मोर्चा रोबिन सिंह, पूर्व ब्लॉक प्रमुख विनोद राठी, विनोद प्रधान, जिला पंचायत सदस्य मोहम्मद यूनुस, आसाराम, शैलेंद्र चौहान, सुभाष चौहान, समीम मलिक, अरुण कुमार, अमर सिंह, नियाजुल हसन, संजीव मलिक, डॉ. कमरुद्दीन, फुरकान अहमद एवं ज्ञानेंद्र जंघाला, अभियंता जिला पंचायत तिलकराज उपाध्याय आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक अनुज त्यागी ने किया।

# गुरु नानक देव जी ने कहा था...

## जो सबसे नीचे, मैं उनके साथ हूं

श्री गुरु नानक देव जी का जन्म उस समय हुआ, जब देश में जात-पात, ऊंच-नीच का बोलबाला था। इस समय समाज में कई बुराइयां फैली हुई थीं, जैसे कि जातिवाद, अंधविश्वास और धार्मिक कट्टरता। श्री गुरु नानक देव जी का जन्म 1469 में कार्तिक पूर्णिमा के दिन तलवंडी, पंजाब में हुआ था। यह जगह अब पाकिस्तान में है। इस स्थान को ननकाना साहिब भी कहा जाता है। उनके पिता का नाम कल्याण चंद जी और माता का नाम माता तृप्ता जी था। 16 साल की उम्र में श्री गुरु नानक देव जी ने दौलत खान लोदी के अधीन काम करना शुरू कर दिया था। इसके बाद 24 सितंबर 1487 को उनका विवाह माता सुलक्षणा जी से हुआ। श्री गुरु नानक देव जी के दो पुत्र थे, जिनके नाम श्री चंद और लक्ष्मी चंद हैं। गुरु साहिब सिख धर्म के संस्थापक हैं। श्री गुरु नानक देव जी का मानना था कि परमात्मा एक ही है।

श्री गुरु नानक देव जी ने अपना सारा जीवन समाज सुधार के कार्य को समर्पित कर दिया। उन्होंने जात-पात और जातिगत भेदभाव को दूर करने के लिए विशेष कदम उठाए और लोगों को मानवता और ईमानदारी की एकता में बांधने का काम किया। इसके लिए उन्होंने कई उपदेश दिये। नानक साहिब ने समाज सुधार के लिए ज्ञान का प्रकाश फैलाया है। श्री गुरु नानक देव जी के समाज में मौजूद विभाजन



मिटाने के तरीके और कैसे उन्होंने जात-पात,अमीर-गरीब के भेद को मिटाया। उनके विचार आज भी उतने ही प्रासंगिक है.... नीचा अंदर नीच जाति नीच हो अति नीच नानक तिनके संग साथ वडियां सिउं क्या रीस।। यानी-नीचों में भी जो नीच जाति के हैं, उनमें भी जो सबसे नीचे हैं, मैं उनके साथ हूं। खुद को बड़ा मानने वालों से मेरा नाता नहीं है। अछूत समझे जाने वालों के यहां रुके और उनके हाथों का भोजन किया। श्री गुरु नानक जी महाराज जब गुजरांवाला गए तो एक भक्त लालो बढ़ई के यहां ठहरे। बात फैल गई कि उच्च जाति का संत अछूत लालो के घर पर रुका है। गांव के मुखिया मलिक भागो ने नानक जी को भोजन पर बुलाया, पर नानक जी ने मना कर दिया। उन्होंने कहा- लालो की सूखी रोटियों में मुझे शहद का स्वाद आता है। कहा- परिश्रम से कमाकर, उसमें से भी कुछ बचाकर लोगों की मदद करने, भूखे को खिलाने वाला श्रेष्ठ है। श्री गुरु नानक देव जी ने चारों दिशाओं में उदासियां कीं। इन उदासियों के दौरान उन्होंने छुआछूत, वहम-भ्रम, कर्मकांडों के विरुद्ध प्रचार किया और कई लोगों को सही रास्ते पर लाए।

उन्होंने अपने जीवनकाल में बहुत सारी बाणी रची, जो गुरु ग्रंथ साहिब में दर्ज है। श्री गुरु नानक देव जी ने 1539 ईस्वी में करतारपुर में भाई लहिणा जी को गुरगद्दी सौंपकर अपना जीवन त्याग दिया।

### गुरु नानक देव जी के तीन सिद्धांत

1. नाम जपो- परमेश्वर का नाम जपना।
2. किरत करो- मेहनत से काम करना।
3. वंड छकना- बांटकर खाना और दूसरों की मदद करना।

इन सिद्धांतों को अपनाकर हम अपने जीवन को सकारात्मक दिशा में बदल सकते हैं।

-हरमनदर सिंह खासपुरा

# रिक्शाचालक के घर से चोरी के सोने के बिस्कुट बरामद?

## बर्तन व्यापारी की करोड़ों की चोरी के खुलासे में कई पकड़े

नजीबाबाद (चिंगारी)। स्थानीय पुलिस आखिर दो माह बाद काफी प्रयास के बाद बर्तन व्यापारी की दुकान में हुई करोड़ों की चोरी के खुलासे के नजदीक पहुंच गई है। पुलिस ने चोरी के मामले में कई लोगों को पकड़ लिया है। शहर में चर्चा है कि पुलिस ने चोरी में गए सोने के कुछ बिस्कुट नगर के मौहल्ला सब्नीग्रान में एक रिक्शा चालक के घर से बरामद कर लिये है। मगर पुलिस अभी इस बारे में कुछ भी बताने से इंकार कर रही है। उल्लेखनीय है कि नगर के मौहल्ला बालकराम निवासी योगेश तायल की दुकान से 27 सितम्बर की रात को चोरों ने उनकी चौक बाजार स्थित बर्तन की दुकान में छत के रास्ते अंदर घुसकर वहां से उनकी तिजौरी में रखे करोड़ों के सोना-चांदी के जेवर व करीब ढाई लाख रूपए की नकदी चोरी कर ली थी। करोड़ों की इस चोरी की घटना से पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया था। एसपी अभिषेक झा व एसपी सिटी डॉ. कृष्ण गोपाल ने नजीबाबाद पहुंचकर घटना की जानकारी लेने के बाद इसके खुलासे के लिए कई टीमें लगाई थी। पुलिस तभी से इस घटना के खुलासे में जुटी थी। पुलिस की टीमें नगर के बड़ी संख्या में सीसीटीवी कैमरे खंगालने के साथ सैकड़ों युवकों को अब तक शक के आधार पर हिरासत में लेकर पूछताछ कर चुकी है। मगर पुलिस चोरों तक नहीं पहुंच पा रही थी, जिससे पुलिस काफी परेशान थी। बताया जाता है कि बीती रात पुलिस ने नगर के मौहल्ला सब्नीग्रान में एक घर पर छापा मारकर वहां से एक युवक व एक महिला को हिरासत में ले लिया। यह भी चर्चा है कि पुलिस ने वहां से बर्तन व्यापारी के यहां हुई चोरी के कुछ सोने के बिस्कुट बरामद किये हैं। यह भी बताया जाता है कि चोरों के तार चंडीगढ़ व देहरादून के भी कुछ लोगों से जुड़े हुए है। इस संबंध में चिंगारी ने जब थाना प्रभारी राहुल कुमार से जानकारी करने का प्रयास किया तो उन्होंने केवल इतना बताया कि पुलिस चोरी के खुलासे में लगी है। जल्दी ही पूरी तरह से खुलासा हो जाएगा। उन्होंने बाकी कुछ भी बताने से इंकार किया है।


गीजर ही गीजर



सिंघल इलेक्ट्रीक एजेन्सीज

हमारे यहां एलईडी बल्ब, वायर, पंखे, स्विच, शोकिट, गीजर एवं सभी प्रकार के बिजली फिटिंग का सामान थोक मूल्य पर मिलता है।



खुल गया! खुल गया!

श्री लाइट

सजावटी फैंसी लाइटें, लक्जरी झूमर, फैंसी वॉल लाइट्स, कोव लाइट, लाइट्स, लैम्प आदि की बेशुमार वैरायटियां उपलब्ध हैं।

नई बस्ती, निकट गुरुद्वारा, बिजनौर मो. 9897024836, 8800092476





गुरु नानक जयंती

गंगा स्नान एवं चिंगारी की वर्षगांठ की सभी नगरवासियों, शुभचिंतकों को

लख-लख बधाईयां

नीरज तुली - समाजसेवी

अध्यक्ष, ट्रक यूनियन बिजनौर

( प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य पंजाबी समाज उ.प्र. )

यशपाल तुली- समाजसेवी/नगर महामंत्री पंजाबी समाज उप्र., धामपुर

हितेश तुली ( पूर्व सभासद ) न.पा. परिषद, बिजनौर

अंश तुली ( नगर मंत्री ) भाजपा युवा मोर्चा, बिजनौर

कपिल तुली ( प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य पंजाबी समाज उप्र., धामपुर )

एवं समस्त पंजाबी समाज, बिजनौर





## नेता नहीं बेटा बनकर करूंगा क्षेत्र की जनता की सेवा: अनुज चौधरी

मंडावली/नजीबाबाद (चिंगारी)। नजीबाबाद ब्लॉक के वार्ड नंबर 2 से मंडावली निवासी अनुज चौधरी ने आगामी जिला पंचायत चुनाव में भाजपा के संभावित सदस्य पद के रूप में चुनाव लड़ने की घोषणा कर दी है। उन्होंने चुनाव लड़ने की घोषणा करते हुए



कहा किउनका मकसद क्षेत्र को विकास की ओर ले जाना है। हर वर्ग की आवाज को उठाकर उनकी समस्याओं को दूर करने का प्रयास करना है। उन्होंने कहा कि उनका कोई राजनीतिक इतिहास नहीं है। अनुज चौधरी वार्ड 2 से दूसरी बार चुनाव मैदान में है। उन्होंने कहा कि वह क्षेत्र की जनता के लिए एक बेटे की तरह सेवा करना चाहते है। उन्होंने बताया कि उन्हें हर वर्ग का सहयोग मिल रहा है।


ATHER

दीपावली के शुभ अवसर पर

ATHER

बिजनौर में खुल गया है



इलेक्ट्रिक स्कूटर के बादशाह

एथर का शोरूम

Dhruvika Motors

Ankur Heights Opp- IOC Petrol Pump Near Axis Bank, Kiratpur Road Bijnor 246701 Ph- 8192801901

# क्रय केन्द्र बंद होने से किसान हैं परेशान थाने और ब्लॉक कार्यालय में तुलवाएंगे धान



**स्योहारा ( चिंगारी )।** भारतीय किसान यूनियन के ब्लॉक अध्यक्ष चौधरी गजेंद्र सिंह टिकैत के नेतृत्व में धान क्रय केंद्र पर सुचारू रूप से तोल किये जाने और स्योहारा में दोनों रेलवे फाटक पर सड़क में रहे गहरे गड्ढों को सही कराने के लिये डीआरएम मुरादाबाद को ज्ञापन सौंपा। जिलाधिकारी के नाम ज्ञापन के माध्यम से चौधरी गजेंद्र सिंह ने बताया कि स्योहारा में एक धान क्रय केंद्र है, जिस पर तोल बंद हो चुकी है। किसान परेशान घूम रहे हैं। भाकियू ने मांग की है कि 6 नवम्बर तक धान की खरीद सुचारू रूप से शुरू नहीं हुई तो किसान अपने धान को थाने और ब्लॉक कार्यालय में तुलवांएगे। दूसरी ओर दोनों रेलवे फाटक पर सड़क में गहरे गड्ढे हैं, जिससे सड़क पूरी तरह से खराब है जिसे लेकर एक ज्ञापन डीआरएम मुरादाबाद के नाम दिया है। शुगर मिल का नया सत्र प्रारंभ होने जा रहा है। किसान गन्ना लेकर शुगर मिल आएंगे तो किसी भी ऐसी स्थिति में किसान के साथ कोई भी बड़ा हादसा हो सकता है। किसानों की दोनों क्षेत्रीय समस्या काफी गंभीर हैं, जिसे प्रशासन संज्ञान में ले और समस्या का समाधान कराये, नहीं तो भाकियू बड़ा आंदोलन करेगी। इस अवसर पर सुखबीर सिंह, बिजेंदर त्यागी, श्याम सिंह अहलावत, मा. वीरेंद्र सिंह, दीपक त्यागी, इस्लामुद्दीन, दीपक त्यागी, दीपू ढाका, वीर सिंह आदि मौजूद रहे।

# जिलाधिकारी ने हरेवली ग्राम प्रधान को कारण बताओ नोटिस जारी किया

**हरेवली ( चिंगारी )।** जिला मजिस्ट्रेट बिजनौर द्वारा हरेवली निवासी नपेन्द्र कुमार, छोटे सिंह, पूरन सिंह, रमेश सिंह, अमल सिंह, रामचरण सिंह आदि द्वारा ग्राम प्रधान हरेवली पर विकास कार्यों में धांधली का आरोप लगाते हुए सरकारी धन हड़पने, विकास कार्य न कराने को लेकर जिलाधिकारी बिजनौर को शपथ पत्र देकर जांच की मांग की थी, जिसकी जांच अपर जिलाधिकारी वित्त राजस्व व अमरनाथ कटारिया अवर अभियन्ता द्वारा की गयी। जांच समिति ने जांच उपरान्त अपनी रिपोर्ट जिलाधिकारी को दे दी है, जिसमें सड़कें व नाले निर्माण के निर्माण में लगभग 75000 रूपये की अनियमितता व गड़बड़ी पायी। जांच समिति की रिपोर्ट के आधार पर जिलाधिकारी बिजनौर द्वारा ग्राम प्रधान हरेवली को कारण बताओ नोटिस जारी कर दिया गया। इससे ग्राम प्रधान पक्ष में बेचैनी व्याप्त है।

# प्रशिक्षु कांस्टेबलों ने किया रक्तदान

**बिजनौर ( चिंगारी )।** रेड क्रॉस सोसाइटी जनपद बिजनौर एवं जिला अस्पताल जनपद बिजनौर द्वारा पुलिस लाइन बिजनौर के अस्पताल में एक रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। रक्तदान शिविर का शुभारंभ आरआई पुलिस लाइन देवेंद्र सिंह सिकरवार एवं डॉ. सुभाष चंद्र शर्मा द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। डॉक्टर जैस्मिन खान व डॉक्टर सुमित के नेतृत्व में आईटी विनोद, आईटी योगेंद्र, स्टाफ, नर्स मुकेश देवी आदि ने रक्त एकत्र किया। पुलिस लाइन में प्रशिक्षण ले रहे प्रशिक्षु कांस्टेबलों द्वारा 43 यूनिट रक्तदान किया। रक्तदान शिविर आयोजन में पुलिस लाइन अस्पताल के फार्मेसिस्ट खूब सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# नहटौर में बॉडी बिल्डिंग चैंपियनशिप आयोजित

## बेस्ट पोजर चैंपियनशिप दीपक शर्मा मेरठ रहे



बॉडी बिल्डिंग विजेताओं को सम्मानित करते मुख्य अतिथि हाजी अब्दुल कादिर।

**नहटौर ( चिंगारी )।** यूपी उत्तराखंड बॉडी बिल्डिंग चैंपियनशिप के अंतर्गत मिस्टर बिजनौर बॉडी बिल्डिंग चैंपियनशिप आयोजित हुई, जिसमें यूपी और उत्तराखंड चैंपियन नईम खान मुरादाबाद रहे। बेस्ट पोजर चैंपियनशिप दीपक शर्मा मेरठ ने प्राप्त की।

रविवार की रात्रि को एचएमआई इंटर कॉलेज, नहटौर में आयोजित बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता का उद्घाटन समाजसेवी हाजी अब्दुल क़ादिर द्वारा किया गया। उन्होंने कहा कि हमें अपनी सेहत का विशेष ध्यान रखना चाहिए। इस तरह के कार्यक्रम लोगों को सेहत के प्रति जागरुक करते हैं। आयोजक मैक्स फिटिंग जिम संचालक जर्रार अहमद और अहरार अहमद ने बताया कि चैंपियनशिप नईम खान मुरादाबाद को मिली। बेस्ट पूजा के रूप में चैंपियनशिप दीपक शर्मा मेरठ ने प्राप्त की। मसलस्मैन व बिजनौर चैंपियन दानिश रहे। इंप्रूवमेंट मैन चैंपियनशिप राहुल सैनी, बिजनौर फ्रेशर चैंपियनशिप मोहित पाल ढकौली द्वारा प्राप्त की गई। निर्णायक मंडल में अलमुद्दीन, अल्ताफ, ईसुद्दीन अहमद अल्वी आदि रहे। कार्यक्रम में डायरेक्ट जहांगीर जैदी, हाजी अबरार अहमद, अवैस जकी, फारुक फौजी, अकरम, डॉ. उमर, अभिनव जैन, अंकज, आसियान, मीनाक्षी, सागर आदि उपस्थित रहे।

# नूरपुर में बंदरों का आतंक, व्यापारियों ने ईओ को दिया ज्ञापन



ईओ को ज्ञापन सौंपते व्यापारी।

**नूरपुर ( चिंगारी )।** पश्चिमी उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के युवा जिला प्रभारी सन्दीप जोशी के नेतृत्व में व्यापारियों का एक प्रतिनिधिमंडल अधिशासी अधिकारी सन्तोष कुमार मिश्रा से मिला। प्रतिनिधिमंडल ने ईओ को दिये ज्ञापन में बताया कि नगर में बंदरों की संख्या दिन ब दिन बढ़ती जा रही है। बंदरों के आतंक से आमजन में भय का माहौल है। बन्दर समूह के रूप में घरों में नुकसान कर रहे हैं तथा स्कूल आने-जाने वाले बच्चों के काटने का खतरा बना रहता है। बाज़ार से फल आदि खरीदकर लाने वाले लोगों के हाथ से फल छीनकर भाग जाते हैं। व्यापारियों ने पालिका प्रशासन से बंदरों को पकड़ने की मांग की है। ज्ञापन देने वालों में युवा जिला प्रभारी सन्दीप जोशी, अजयवीर सिंह एडवोकेट, मुकुल गुप्ता, निपेन्द्र कौशिक, सरदार रविन्द्र सिंह आदि शामिल रहे।

## संबंध विच्छेद सूचना

मेरा पुत्र इब्राहीम व उसकी पत्नी शानम जो मेरे व मेरे परिवार वालों के साथ अभद्र व्यवहार करते हैं तथा हमारे कहने-सुने में नहीं हैं, इसलिये मैं और मेरे परिवार वाले मेरे पुत्र व उसकी पत्नी से अपने सारे संबंध विच्छेद कर रहे हैं और अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर रहे हैं। अगर भविष्य में यह किसी भी प्रकार का कोई भी लेन-देन व कोई भी कृत्य करते हैं तो वह उसके स्वयं जिम्मेदार होंगे।

**-अकबर पुत्र नजीबुल्ला, निवासी ग्राम हाजी मौहम्मदपुर उर्फ कोटकादर, थाना नगीना देहात ( रायपुर ) जिला बिजनौर।**

# फरमान ने नाजिम को चाकू घोंपा



घायल नाजिम को एंबुलेंस से अस्पताल ले जाते परिजन।


**नूरपुर ( चिंगारी )।** कस्बे के मोहल्ला शहीद नगर निवासी युवक नाज़िम पुत्र रमजानी व फरमान पुत्र बाबू खां सोमवार को दोपहर में मोहल्ले में खड़े बातचीत कर रहे थे। इस दौरान दोनों युवकों के बीच बातों-बातों में मामूली विवाद हो गया। इस बीच फरमान ने नाज़िम पर चाकू से हमला कर उसे घायल कर दिया। घटना से आसपास में हड़कंप मच गया। शोर सुनकर आसपास के लोग नाजिम को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ले गए, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रैफर कर दिया। पुलिस ने आरोपी फरमान को हिरासत में ले लिया है। घायल युवक के पिता रमजानी की ओर से घटना के सम्बंध में पुलिस को तहरीर दी गई है। जिस पर पुलिस ने आरोपी फरमान के विरुद्ध मामला दर्ज किया है।

# कभी टीआई, तो कभी एसएसआई दर्शन सिंह!

**बिजनौर ( चिंगारी )।** परिवहन विभाग (रोडवेज) में टाइम कीपर दर्शन सिंह कभी टीआई बनकर बसों की चैकिंग करता है, तो कभी एसएसआई बनकर व्हाट्सएप ग्रुप में सूचना प्रेषित करता है, जिसके स्क्रीनशॉट सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं।

## स्वयं को एसएसआई दर्शाकर ग्रुप में जानकारी देता है

रोडवेज कर्मचारियों में अपना रौब बनाने के उद्देश्य से टाइम कीपर होते हुए भी दर्शन सिंह द्वारा स्वयं को एसएसआई बिजनौर डिपो संबोधित करते हुए जानकारी भेजी जा रही है। एक व्हाट्स ऐप ग्रुप दर्शन सिंह बिजनौर डिपो नाम से संचालित का स्क्रीन शॉट भी वायरल हो रहा है, जो कि डिपो का ऑफिशियल ग्रुप न होकर व्यक्तिगत ग्रुप है।




सूत्रों ने बताया कि कर्मचारियों को उस ग्रुप में जोड़कर समस्त प्रकार की ऑफिशियल सूचनाएं एवं गतिविधियां भी उसी ग्रुप के माध्यम से की जाती हैं। जिससे विभाग की गोपनीयता भंग होती है। उक्त ग्रुप में डिपो के सर्वोच्च अधिकारी भी जुड़े हैं जिससे साफ जाहिर है कि अधिकारी की मिली भगत है। चिंगारी वायरल हुई फोटो की सत्यता की पुष्टि नहीं करता है। आपको बता दें कि दर्शन सिंह के टीआई बनकर बसों की चैकिंग का सोशल मीडिया पर फोटो वायरल हो रहा है, जिसके संबंध में एआरएम अशोक कुमार ने बताया था कि वायरल फोटो की सत्यता की जांच कराई जा रही है और टाइम कीपर को नोटिस देता स्पष्टीकरण मांगा गया है।

# नगर पालिका चला रही स्वच्छता अभियान बीमारियों का अब मिटेगा नाम-ओ-निशान

**स्योहारा ( चिंगारी )।** नगर पालिका लगातार नगर की स्वच्छता के लिए काम कर रही है। स्वच्छता अभियान से नगर में गंदगी से होने वाली बीमारियों से छुटकारा मिलेगा। नगर पालिका द्वारा चलाये जा रहे सफाई अभियान का लगातार अधिशासी अधिकारी द्वारा पर्यवेक्षन किया जा रहा है। नगर पालिका पर स्वच्छता का ऐसा जुनून चढ़ा है कि नगर पालिका अधिशासी अधिकारी भी कभी-कभी अभियान में पहुंच जाते हैं और अपने हाथों से ही सफाई करते हैं। अधिशासी अधिकारी का इस पर कहना होता है कि सरकार द्वारा मुझे नगर पालिका में सेवा करने के लिए भेजा गया है। मैं सफाई करता हूं तो इससे मेरे कर्मचारियों का उत्साह बढ़ता है। ऐसे में



अगर किसी को भी मौका मिले तो अपने घरों के आसपास स्वयं सफाई अभियान चलाएं, जिससे सभी को प्रेरणा मिलेगी। स्वच्छता रहेगी तो बीमारी भी कम होंगी। मच्छरों के प्रकोप के लिए एंटी लार्वा स्प्रे और फॉगिंग का रोस्टर प्रतिदिन 5 वार्डों में छिड़काव किया जाता है। नगर पालिका चेयरमैन फैसल वारसी ने कहा कि मुझे नगर की जनता ने जिस विश्वास के साथ नगर पालिका दी है, उसी विश्वास के साथ सेवा करूंगा। नगर में स्वच्छता, पेयजल, बिजली, सड़क और सुंदरता की दिशा में काम चल रहा है। जनता मान रही है कि परिवर्तन हुआ है, इसी तरह आगे भी नगर में विकास होगा।

# युवक के पेट में मारी गोली, हालत गम्भीर

**नूरपुर ( चिंगारी )।** थाना क्षेत्र के गांव मुबारकपुर नवादा निवासी महिला उषा देवी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि गत 26 अक्टूबर की शाम करीब पांच बजे क्षेत्र के गांव अब्दुल्लापुर दहाना निवासी युवक कुनाल पुत्र अशोक उसके पुत्र अनुज को घर से बुलाकर ले गया। यह दोनों जब ग्राम सैदपुर चौराहे से नंगली पथवारी गांव की ओर चले तो वहां पहले से मौजूद सलामन निवासी मोहल्ला कबीरनगर, नूरपुर मिला। इस दौरान कुनाल व अनुज के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। रात करीब साढ़े नौ बजे दोनों के बीच कहासुनी इतनी बढ़ गई कि उक्त युवकों ने अनुज को पकड़कर जान से मारने की नीयत से उसके पेट में गोली मार दी। गम्भीर हालत में अनुज को उपचार के लिए अस्पताल लाया गया, जहां चिकित्सकों ने नाजुक हालत में उसे हायर सेंटर रैफर कर दिया। अनुज का उपचार मेरठ के एक निजी अस्पताल में चल रहा है, जहां वह जिंदगी और मौत के बीच जंग लड़ रहा है। पीड़िता ने पुलिस से न्याय की गुहार लगाते हुए आरोपियों के विरुद्ध कार्यवाही की मांग की है। पुलिस ने दोनों आरोपी युवकों के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

चिंगारी
के लिये नहटौर में समाचार और विज्ञापन के लिये संपर्क करें।
मोहित शर्मा
संवाददाता, मोबाइल नम्बर-
9012967455

## धूमधाम से मनाया जायेगा आर्य समाज का वार्षिकोत्सव

**चांदपुर ( चिंगारी )।** आर्य समाज चांदपुर का 115वां वार्षिकोत्सव धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। इस अवसर पर आर्य जगत के प्रख्यात विद्वानों द्वारा वेदोपदेश व भजनों की अमृत वर्षा की जाएगी। यह जानकारी देते हुए आर्य समाज चांदपुर के मंत्री अतुल भाटिया ने बताया कि आर्य समाज के 115वें वार्षिकोत्सव पर 11 नवम्बर से 15 नवम्बर तक आर्य समाज चांदपुर में प्रातः 7 बजे से 9.30 बजे तक यज्ञ व वेदोपदेश तथा सायं 7 बजे से रात्रि 10 बजे तक भजन व वेदोपदेश होंगे, जिसमें आर्य जगत के प्रख्यात विद्वान शुचिषद मुनि जी वेदांग गुरुकुल सुल्तानपुर, योगेन्द्र याज्ञिक गुरुकुल होशंगाबाद एवं प्रसिद्ध भजनोपदेशक नरेश मुनि जी वानप्रस्थी द्वारा वेदोपदेश व भजनों की अमृत वर्षा की जाएगी।

## नारनौर घाट पर हुआ गंगा-पूजन



**चांदपुर ( चिंगारी )।** कार्तिक पूर्णिमा पर नारनौर घाट पर लग रहे गंगा स्नान मेले में श्रद्धालुओं व मेला समिति द्वारा गंगा पूजन किया गया। नारनौर घाट पर हजारों श्रद्धालु पहुंच चुके हैं। श्रद्धालुओं ने टैंट लगाकर तम्बुओं का शहर बसा दिया। मेला समिति ने सुरक्षा की दृष्टि से अपनी ओर से मोटर बोट की भी व्यवस्था की है। वहीं कल होने वाले गंगा स्नान के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। गंगा पूजन में समिति के संरक्षक चौ. कुलदीप सिंह, प्रबंधक निरीश कुमार उर्फ बिल्लू गुप्ता, अध्यक्ष अजय कौशिक, पातीराम शर्मा, रामसिंह सरपंच, नैपाल सिंह, पवन कुमार, सतीश कुमार, यशपाल सिंह, तरूण शर्मा आदि मौजूद रहे।

## शादी समारोह में युवक पर जानलेवा हमला

**नूरपुर ( चिंगारी )।** कस्बे के मोहल्ला हज़रत नगर निवासी एहतेशाम मलिक ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसका भाई शादाब गत रविवार को शिवाला कलां में एक शादी समारोह में शामिल होने गया था। जहां शारिक पुत्र अफ़सार निवासी मोहल्ला हज़रत नगर, वासिफ़ पुत्र जाबिर, आजम पुत्र यूसुफ़ व आजाद पुत्र साबिर निवासीगण मोहल्ला शहीद नगर, नूरपुर से किसी बात पर कहासुनी हो गई थी। आरोप है कि चारों युवकों ने उसके भाई पर लाठी-डंडों से हमला कर घायल कर दिया। शादी में आई भीड़ को अपनी ओर आता देखकर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुये फ़रार हो गए। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

## गांव छोटा पैमार में बुजुर्ग का शव तालाब में तैरता मिला

**किरतपुर ( चिंगारी )।** क्षेत्र के गांव छोटा पैमार में उस समय हड़कंप मच गया, जब गांव के तालाब में एक बुजुर्ग व्यक्ति का शव तैरता हुआ मिला। मृतक की पहचान 65 वर्षीय भोगेन्द्र सिंह पुत्र चतर सिंह, निवासी छोटा पैमार के रूप में हुई, जो छह दिनों से लापता थे। जानकारी के अनुसार, भोगेन्द्र सिंह 29 अक्टूबर की सुबह घर से खेत पर गए थे, लेकिन शाम तक घर नहीं लौटे। परिजनों ने आसपास तलाश की, पर कोई पता नहीं चला। उनके भाई ने थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई थी। कल गांव की एक महिला ने तालाब में शव तैरता हुआ देखा, जिसके बाद ग्रामीणों ने डायल 112 पर सूचना दी। सूचना मिलने पर थाना प्रभारी पुष्पा देवी मौके पर पहुंचीं और ग्रामीणों की मौजूदगी में शव को बाहर निकलवाया। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए बिजनौर भेज दिया। परिजनों ने बताया कि भोगेन्द्र की किसी से कोई दुश्मनी नहीं थी। पुलिस का कहना है कि प्रारंभिक जांच में ऐसा प्रतीत होता है कि भोगेन्द्र सिंह डालाब में गिरने से डूब गए होंगे। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## कवयित्री रमा त्यागी को मिला 'राष्ट्र विभूति सम्मान'

**राजा का ताजपुर ( चिंगारी )।** रुड़की के इमलीखेड़ा में स्थित फ़ीनिक्स विश्वविद्यालय में 2 नवम्बर 2025, रविवार को योगेश शिक्षा, कला, संस्कृति और पर्यावरण उत्थान ट्रस्ट एवं फ़ोनिक्स विश्वविद्यालय, रुड़की के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्र विभूति सम्मान समारोह-2025 का आयोजन किया गया। राजा का ताजपुर में जन्मी, गाज़ियाबाद की प्रतिष्ठित कवयित्री रमा त्यागी 'एकाकी' को साहित्य के क्षेत्र में 'राष्ट्र विभूति सम्मान' से नवाज़ा गया। उनको प्रशस्ति-पत्र और स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर शहीद-ए-आज़म भगत सिंह के भतीजे किरण जीत सिंह सिंधु, फ़ोनिक्स





विश्वविद्यालय के चेयरमैन चेरब जैन एवं योगेश शिक्षा, कला, संस्कृति एवं पर्यावरण उत्थान ट्रस्ट के आयोजक श्री संजय वत्स द्वारा विभिन्न क्षेत्रों से चयनित प्रतिभाओं को सम्मानित किया। रमा त्यागी 'एकाकी' राजा का ताजपुर, बिजनौर के दीवान स्वर्गीय हरदेव सिंह की प्रपौत्री और सत्यव्रत त्यागी की पुत्री हैं। उनकी इस उपलब्धि पर सभी गौरवान्वित हैं।

## गुरूजन व माता-पिता का सदैव सम्मान करें - डा. विकास

**चांदपुर ( चिंगारी )।** भारतीय राष्ट्रीय चिकित्सा पद्धति आयोग नई दिल्ली द्वारा प्रदत्त निर्देशों के क्रम में जनपद मुरादाबाद के श्री सत्य आयुर्वैदिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल लोदीपुर राजपूत में नवागंतुक बीएएमएस पाठ्यक्रम के छात्र-छात्राओं हेतु 'आर्युप्रवेशिका' कार्यक्रम में चांदपुर निवासी प्रसिद्ध लेखक कवि डा. विकास तोमर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

अपने सारगर्भित उद्बोधन में मुख्य अतिथि डा. विकास तोमर ने छात्र-छात्राओं से सदैव गुरुजनों एवं माता-पिता का सम्मान करने, पूरी ईमानदारी एवं लगन के साथ अपने पाठ्यक्रम को पूर्ण करने की सलाह दी। साथ ही उपस्थित छात्र-छात्राओं को रक्तदान के महत्व के बारे में बताया और रक्तदान करने को प्रेरित भी किया। तत्पश्चात डॉ. विकास ने महाविद्यालय एवं संलग्न 100 बैड अस्पताल का भ्रमण कर महाविद्यालय एवं चिकित्सालय की कार्यशैली को समझा



मुख्य अतिथि डा. विकास तोमर को स्मृति चिन्ह देते प्राचार्य व डायरेक्टर।

एवं सुझाव भी दिये। प्राचार्य डा. ललित शर्मा ने मुख्य अतिथि डा. विकास तोमर की प्रशंसा करते हुए उन्हें मानवीय मूल्यों से परिपूर्ण व्यक्तित्व का धनी, प्रसिद्ध लेखक कवि व कम समय में सफलता के नये आयाम स्थापित करने वाले मृदु भाषी व्यक्ति बताया। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य डा. ललित शर्मा व डायरेक्टर डा. अनुज त्यागी द्वारा डॉ. विकास को धन्यवाद ज्ञापित कर, स्मृति चिन्ह भेंट किया गया।

# सुबह घूमने निकले अधेड़ व्यक्ति की लाश नूरपुर रोड पर मिली रेलवे माल गोदाम के पास

**धामपुर/जैतरा (चिंगारी)।** धामपुर- नूरपुर मार्ग स्थित रेलवे माल गोदाम के पास सड़क किनारे झाड़ियो में आज प्रातः एक व्यक्ति का शव पड़े मिलने की सूचना पर ग्राम जैतरा में सनसनी फैल गई। बताया जाता है कि मृतक सुबह मॉर्निंग वॉक के लिए निकले थे कि अज्ञात वाहन ने उनको टक्कर मार दी जिससे उनकी मौत हो गई। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची पूछताछ करने पर मृतक की पहचान सत्येंद्र प्रताप सिंह उम्र लगभग 55 वर्ष पुत्र स्वर्गीय घासीराम निवासी रेलवे माल गोदाम के सामने, ग्राम मौजमपुर जैतरा थाना धामपुर जनपद बिजनौर के रूप में हुई। मृतक के सिर पर दुर्घटना से चोट के निशान तथा मुंह में खून निकलता पाया गया। उन्हें उपचार हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। उनकी मौत से परिवार में कोहराम मच गया । मृतक सत्येंद्र प्रताप सिंह हल्द्वानी में किसी प्राइवेट फर्म में नौकरी करते थे वह आजकल अपने घर आए हुए थे। पुलिस पूछताछ में प्रकाश में आया है कि मृतक सुबह अपने पालतू कुत्ते के साथ अपनी कॉलोनी के सामने धामपुर -नूरपुर मार्ग पर टहलने के लिए निकले थे, उसी दौरान किसी अज्ञात वाहन द्वारा उन्हें टक्कर मार दिए जाने से उनकी मृत्यु हो गई है। पुलिस ने पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी बिजनौर भेज दिया है।


शव के पास विलाप करती मृतक की पत्नी।

# 'बिजनौर एंथम' व 'असली बिजनौरी' गीतों की रचयिता टीम सम्मानित


बिजनौरी एंथम गुलफाम व उनकी टीम को सम्मानित करते हुए सुगम जैन।

**धामपुर (चिंगारी)।** युवा समाजसेवी सुगम जैन व संजय जैन ने बिजनौर जिले का नाम देशभर में रोशन करने वाले बिजनौर एंथम और असली बिजनौरी जैसे लोकप्रिय गीतों के गीतकार-संगीतकार गुलफाम अहमद, कलाकार रोमियो मयूर, सुहैल डिजाइनर, मोहम्मद शादाब, सलमान फरीदी को पटका पहनाकर एवं स्मृति-चिन्ह देकर सम्मानित किया। इसी के साथ पत्रकारिता के क्षेत्र में सराहनीय कार्य कर रहे बंधन समाचार के डायरेक्टर पत्रकार सुमित शर्मा को भी पटका पहनाकर एवं स्मृति-चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अमित अग्रवाल, डॉक्टर आयुष, एडवोकेट राहुल, अंकुर अग्रवाल, गौरव अग्रवाल सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सम्मान समारोह में सुगम जैन ने कहा कि 'बिजनौरी एंथम' और 'असली बिजनौरी' जैसे गीतों ने जिले को नई पहचान दिलाई है। पूरे बिजनौर की जनता की ओर से मैं गुलफाम अहमद और उनकी टीम को बधाई देता हूं।

# किसानों को मुखौटे उपलब्ध कराये वन विभाग

## वरिष्ठ नागरिक समिति ने रेंजर को दिया ज्ञापन


रेंजर शशांक गुप्ता को ज्ञापन सौंपते हुए वरिष्ठ नागरिक समिति के पदाधिकारी।

**धामपुर (चिंगारी)।** मुन्नी देवी मार्ग स्थित वन विभाग के कार्यालय पर सोमवार को वरिष्ठ नागरिक सेवा समिति ने आगामी गन्ना पेराई सत्र को ध्यान में रखते हुए गन्ना किसानों को गुलदार से बचाव हेतु रेंजर शशांक गुप्ता को ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में कहा गया है कि शुगर मिल का गन्ना पैराई सत्र शुरू होने वाला है, अब किसान खेतों में गन्ना छिलाई करेंगे। जिसके चलते गुलदार के हमले को देखते हुए किसानों में डर बना हुआ है। उन्होंने किसानों को मुखौटे वितरित करने की मांग की। इससे पूर्व तहसील अध्यक्ष हरिराज सिंह के नेतृत्व में रेंज कार्यालय में बैठक की गई। इस दौरान रेंजर शशांक गुप्ता को खेतों पर काम करते समय किसानों को होने वाली समस्याओं से अवगत कराया गया। उन्होंने कहा कि गन्ना पैराई सत्र शुरू होने पर किसान खेतों में प्रतिदिन जाएगा, लेकिन क्षेत्र में लगातार गुलदार का डर बना हुआ है। जिसके चलते वन विभाग को किसानों की सुरक्षा के लिए आवश्यक कदम उठाने चाहिए। उन्होंने मांग की है कि सभी किसानों को खेतों पर काम करने के लिए मुखौटे उपलब्ध कराये जाये। गुलदार के हमले में घायलों का मुआवजा बढ़ाया जाए। गुलदार के हमलों को देखते हुए गुलदार को मारने की अनुमति दी जाए। यहां से पकड़े जाने वाले गुलदारों को दूसरों राज्यों में छोड़ा जाए।

> **“ नहीं दी जा सकती गुलदार को मारने की अनुमति**
>
> **रेंजर शशांक गुप्ता ने कहा कि किसानों की समस्याएं हल करने का प्रयास किया जाएगा। लेकिन वन्य जीव अधिनियम में गुलदार संरक्षित श्रेणी में है, उसे मारने की अनुमति नहीं दी जा सकती है। ज्ञापन देने वालों में हरिराज सिंह, भानु प्रताप, रणजीत सिंह, तारा सिंह, महीपाल, बलराम, मदन सिंह आदि शामिल रहे।**

# गंगा एक्सप्रेस-वे को विदुर भूमि से निकलवायें मुख्यमंत्री अपनी घोषणा पूर्ण करायें : शहज़ादा परवेज़


शहजाद परवेज एड.

**धामपुर (चिंगारी)।** गंगा एक्सप्रेस वे को महात्मा विदुर की पावन धरती जनपद बिजनौर से निकाले जाने की मांग अब जोर पकड़ती जा रही है । इस संबंध में बार एसोसिएशन धामपुर के पूर्व अध्यक्ष नवाब शहजादा परवेज एडवोकेट ने प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पोस्टकार्ड भेज कर गंगा ऐक्सप्रेस वे को जनपद बिजनौर से निकाले जाने की पुरजोर मांग की है। उन्होंने मांग की है कि गंगा एक्सप्रेस वे महात्मा विदुर जी की धरती बिजनौर से होते हुए हरिद्वार तक पहुंचे और जिला बिजनौर में कृषि यूनिवर्सिटी भी खोली जाए। पोस्टकार्ड भेजो अभियान में दुष्यंत राणा, अजय कुमार, नरेश प्रधान, सुशील कुमार, सुदामा, सुरेश कुमार, वीरेंद्र सिंह, उत्तम कुमार, हुकम सिंह, धनवीर सिंह, भोला शाहिद अनेक लोग शामिल रहे।

# बिना अनुमति काट दिये आम के 20 पेड़

**धामपुर (चिंगारी)।** वन विभाग, धामपुर के अंतर्गत थाना स्योहारा के गांव कासमाबाद में गत रात्रि कुछ लोगों ने आम के बाग में से 20 पेड़ काट दिये। सोमवार को सूचना पाकर वन विभाग के रेंजर टीम के साथ मौके पर पहुंचे और आम के पेड़ काटे जाने की जांच की। वन विभाग ने भूमि स्वामी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। सोमवार को वन विभाग के अधिकारियों को सूचना मिली कि कासमाबाद में कुछ लोगों ने आम के बाग से लगभग बीस से अधिक आम के पेड़ काट दिए हैं। सूचना पाकर रेंजर धामपुर शशांक गुप्ता टीम के साथ मौके पर पहुंचे तथा मामले की जानकारी ली। उन्होंने बाग के भूमि स्वामी से पेड़ कटान की अनुमति दिखाने को कहा। लेकिन वह इस संबंध में कोई कागजात नहीं दिखा पाये। केवल कटे हुए पेड़ों की जड़ व कुछ लकड़ियां मौके पर पाई गई। रेंजर ने बताया कि बिना अनुमति के आम के पेड़ काटे गए हैं। आम प्रतिबंधित प्रजाति के अंतर्गत आता है। जिसके चलते विभाग की ओर से उत्तर प्रदेश वृक्ष संरक्षण अधिनियम और वन उपज ढुलान नियमों के तहत भूमि स्वामी हुकुम सिंह निवासी गांव कासमाबाद के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरु कर दी गई है।

> **भूमि स्वामी के खिलाफ हुआ मुकदमा दर्ज**

# प्रांतीय खेलकूद प्रतियोगिता के विजेता भैया-बहनों को किया गया सम्मानित



प्रांतीय खेलकूद प्रतियोगिता में विजयी छात्रों को स्मृति चिन्ह भेंट करते हुए।

**धामपुर (चिंगारी)।** नगीना मार्ग स्थित पुरुषोत्तम शरण भानु प्रकाश सरस्वती शिशु मंदिर मे आयोजित प्रांतीय खेलकूद प्रतियोगिता में विजेताओं को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। विद्या भारती द्वारा आयोजित पश्चिम उत्तर प्रदेश में होने वाली दो दिवसीय प्रांतीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन सरस्वती शिशु मंदिर नेहरू नगर गाजियाबाद में हुआ था । जहां सरस्वती शिशु मंदिर धामपुर के 12 भैया-बहनों ने प्रतिभाग किया, जिसमें कबड्डी की टीम ने द्वितीय स्थान, दौड़ में द्वितीय, रिले रेस में तृतीय, प्रिंस ने लम्बी कूद में तृतीय स्थान तथा 34 किलोग्राम भार वर्ग में बहन मानवी ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय का परचम लहराया। विद्यालय के प्रधानाचार्य अमरपाल सिंह द्वारा प्रतियोगी भैया-बहनों का उत्साह वर्धन किया गया। उन्होंने विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित करते हुए कहा कि छात्रों के सर्वांगीण विकास में खेलों का विशेष स्थान है।

# राज्य आंदोलनकारियों ने अपनी मांगों को लेकर, रोष जताया धरना देकर

## सीएम को भेजा ज्ञापन


सोमवार को कोटद्वार तहसील में मांगों के निराकरण को लेकर राज्य आंदोलनकारियों ने दिया धरना।

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** अलग उत्तराखंड राज्य स्थापना के 24 वर्ष बीत जाने के बाद भी राज्य आंदोलनकारियों की मांगे अभी तक पूरी नहीं हो पाई हैं, इस कारण उनमें रोष व्याप्त है। मांगों के निराकरण को लेकर सोमवार को उत्तराखंड राज्य निर्माण सेनानी मोर्चा के बैनर तले राज्य आंदोलनकारियों ने तहसील में धरना दिया और उपजिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन प्रेषित किया।

इस अवसर पर मोर्चा अध्यक्ष महेंद्र सिंह रावत ने कहा कि राज्य अपनी स्थापना के 25वें वर्ष में प्रवेश कर रहा है। पिछले 24 वर्षों में राज्य ने कई चुनौतियों का सामना करते हुए उपलब्धियां भी हासिल कीं, लेकिन राज्य निर्माण की लड़ाई लड़ने वाले आंदोलनकारियों की मांगों की ओर अभी तक भी ध्यान नहीं दिया गया, जिस कारण उनमें रोष की भावना पनप रही है। मौके पर आंदोलनकारियों द्वारा प्रदेश सरकार से 1 दिसंबर 2021 से पूर्व आंदोलनकारियों के चिन्हीकरण के लिये लिये गए आवेदन पत्रों का शीघ्र निस्तारण करने, चिन्हित राज्य निर्माण आंदोलनकारियों को राज्य निर्माण सेनानी का दर्जा देने, समस्त राज्य निर्माण आंदोलनकारियों को एक समान पेंशन देने, राज्य आंदोलनकारियों को गोल्डन कार्ड की तर्ज पर स्वास्थ्य सुविधाएं देने, आंदोलनकारियों के 10 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण विधेयक पर सुप्रीम कोर्ट में पैरवी करने और 1994 के मुजफ्फरनगर कांड के दोषियों को सजा दिलवाने के लिए न्यायालय में चल रहे मुकदमों की पैरवी करने की मांग की गई। तत्पश्चात उपजिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को मांगों का ज्ञापन प्रेषित किया गया। ज्ञापन प्रेषित करने वालों में गुलाब सिंह रावत, दिनेश गौड़, कमला चौहान, रीना देवी, उर्मिला जोशी, डॉ. शक्तिशैल कपरवाण, प्रेम सिंह, हरीश मोहन, दलबीर सिंह, कुलदीप सिंह और मनोहर सिंह सहित मोर्चा से जुड़े अन्य आंदोलनकारी शामिल रहे।

## मनीष भट्ट 'सपोर्ट पर्सन' के रूप में चयनित



**कोटद्वार ( चिंगारी )।** सामाजिक कार्यकर्ता एवं रेडियो 'गढ़वाणी' के संपादक मनीष भट्ट को पोक्सो पीड़ित बालिकाओं को सहायता प्रदान के उद्देश्य से जिलाधिकारी ने सपोर्ट पर्सन (सहायक व्यक्ति) के रूप में चयनित किया है। जिलाधिकारी ने साक्षात्कार के आधार पर लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 (पोक्सो) की धारा 39 के अंतर्गत पोक्सो से संबंधित मामलों में पीड़ितों को कानूनी सहायता और संरक्षण करने हेतु यह चयन किया है।

## नवयुग ने डेफोडिल को हराया, चैम्पियन का ख़िताब पाया

### अंतर्विद्यालीय बालिका वॉलीबाल प्रतियोगिता

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** न्यू कोटद्वार कालोनी के तलीपाड़ा फार्म स्थित आर पी पब्लिक पब्लिक स्कूल में आयोजित द्वितीय स्व. राजबाला शर्मा अंतर विद्यालयी बालिका बालीबाल प्रतियोगिता नवयुग पब्लिक स्कूल ने जीत ली है। फाइनल में नवयुग पब्लिक स्कूल ने डेफोडिल पब्लिक स्कूल को हराया। रविवार को प्रतियोगिता के सेमीफाइनल और फाइनल मुकाबले खेले गये। पहले सेमीफाइनल में नवयुग पब्लिक स्कूल ने एमकेवीएन को 2–0 और दूसरे सेमीफाइनल में डेफोडिल पब्लिक स्कूल ने ब्लूमिंगवेल पब्लिक स्कूल को 2–0 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल में नवयुग पब्लिक स्कूल की टीम ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए, डेफोडिल पब्लिक स्कूल को 2–0 से हराकर खिताब अपने नाम किया। 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' संदेश को प्रचारित करने के उद्देश्य से आयोजित इस प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने के लिए प्रधानाचार्य कुंवर अजीत सिंह ने सभी बालिका खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी। अंत में विजेता और उपविजेता टीमों को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर विनोद रावत, सतीश मौर्य, अशोक जखमोला, विद्यालय खेल प्रशिक्षक सुशील रावत और शिवम घिल्डियाल सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

## बीजेएमसी विभाग की परिषद का गठन, तनुजा अध्यक्ष, मानसी सचिव बनी

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कोटद्वार के बीजेएमसी विभाग में सोमवार को विभागीय गतिविधियों में छात्रों की भागीदारी बढ़ाने के उद्देश्य से विभागीय परिषद का गठन किया गया। विभाग की प्रभारी प्रो. डॉ. प्रीति रानी के निर्देशन में संपन्न विभागीय परिषद के गठन के अंतर्गत तनुजा केस्टवाल को अध्यक्ष, नितिन देवरानी को उपाध्यक्ष, मानसी गौड़ को सचिव, अंशिका बुड़ाकोटी को सह सचिव व मोनार्क मैंदोला को कोषाध्यक्ष चुना गया। इस अवसर पर विभाग प्रभारी प्रो. प्रीति रानी ने कहा कि विभागीय परिषद विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास की दिशा में एक सार्थक पहल है। प्राध्यापक चक्रधर कंडवाल ने कहा कि इस मंच के माध्यम से छात्र–छात्राएं न केवल अपनी शैक्षणिक दक्षता को बढ़ाएंगे, बल्कि सामाजिक उत्तरदायित्व, संवाद कौशल और आत्मविश्वास जैसी मानवीय गुणों को भी विकसित करेंगे। प्राध्यापक अरविंद दुदपुड़ी ने कहा कि परिषद की गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थी समाचार लेखन, रिपोर्टिंग, फोटोग्राफी, आयोजन प्रबंधन और जनसंपर्क जैसे व्यावहारिक पहलुओं का अनुभव प्राप्त करेंगे, जो भविष्य में मीडिया क्षेत्र में उनके करियर को दिशा प्रदान करेगा।

## सड़क निर्माण कार्य में निम्न गुणवत्ता नहीं होगी सहन

### मेयर ने निर्माण कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** नगर निगम मेयर शैलेन्द्र सिंह रावत ने सोमवार को ब्रह्मपुरी बालासौड़ एवं भूपेंद्र सिंह कॉलोनी एवं कौड़िया क्षेत्र में सड़क निर्माण कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माण कार्यों की गुणवत्ता व निर्माण कार्य में प्रयुक्त हो रही सामग्री का बारीकी से अवलोकन किया। उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी सड़क निर्माण कार्य निर्धारित मानकों के अनुरूप, गुणवत्तापूर्ण एवं समय से पूर्ण किये जाएं, ताकि नागरिकों को दीर्घकालिक सुविधा प्राप्त हो सके। चेतावनी दी कि सड़क निर्माण कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही, शिथिलता या निम्न गुणवत्ता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

उन्होंने कहा कि सड़क निर्माण कार्यों में जनसुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जानी चाहिए। मौके पर उन्होंने क्षेत्रीय जनता से भी अपील की कि यदि नगर निगम क्षेत्र में किसी भी सड़क निर्माण कार्य में त्रुटि या अनियमितता पायी जाती है, तो उसकी सूचना तुरंत नगर निगम को दें ताकि समय रहते आवश्यक कार्रवाई की जा सके। इस अवसर पर नगर आयुक्त पी.एल. शाह, कनिष्ठ अभियंता कृष्णपाल और विधायक प्रतिनिधि जितेंद्र नेगी सहित स्थानीय लोग मौजूद रहे।

## समाज के वंचित वर्ग तक नि:शुल्क विधिक सहायता की जानकारी पहुंचायें

### प्राविधिक स्वयं सेवकों एवं अधिकार मित्रों की बैठक



**कोटद्वार ( चिंगारी )।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार प्राधिकरण की सिविल जज, सचिव नाजिश कलीम की अध्यक्षता में प्राविधिक स्वयंसेवकों एवं अधिकार मित्रों की मासिक बैठक आयोजित की गयी। बैठक में माह नवम्बर के प्लान ऑफ एक्शन पर विस्तृत चर्चा की गयी। बैठक में सचिव नाजिश कलीम ने सभी प्राविधिक स्वयंसेवकों एवं अधिकार मित्रों को अपने–अपने क्षेत्रों में विधिक सेवा प्राधिकरण की योजनाओं के प्रभावी प्रचार–प्रसार पर विशेष जोर देने को कहा। उन्होंने कहा कि समाज के वंचित वर्ग तक नि:शुल्क विधिक सहायता की जानकारी पहुंचाना सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। इस अवसर पर डिप्टी लीगल डिफेंस काउंसिल महेश बलूनी, असिस्टेंट लीगल एड डिफेंस काउंसिल विनोद कुमार सहित जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के प्राविधिक स्वयंसेवक एवं अधिकार मित्र उपस्थित रहे।

## क्लासिक हिमालयन ड्राइव-2025 विंटेज कार रैली पहुंची ऋषिकेश

### सदस्यों ने किया गंगा आरती में प्रतिभाग

**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** राम नगर (नैनीताल) के कार्बेट पार्क से सोमवार की सायं रवाना हुई क्लासिक हिमालयन ड्राइव–2025 विंटेज कार रैली हरिद्वार वाया चीला मार्ग होते हुए जब ऋषिकेश पहुंची, तो ड्राइव में शामिल लोगों ने गंगा की आरती में शामिल होकर स्वयं को अनिभूत महसूस किया। उल्लेखनीय है कि इस रैली में 67 वर्ष पुरानी मर्सिडीज, लैण्ड रोवर समेत देश–विदेश की 40 विंटेज कार शामिल है। रैली के यहां पहुंचने पर ये गाड़ियां लोगों के आकर्षण का केन्द्र रहीं। उल्लेखनीय है कि यह रैली चंबा (टिहरी), मंसूरी, कुफ्री, चण्डीगढ़ होते हुए 10 नवम्बर को दिल्ली पहुंचेगी, जहां इसका समापन होगा। टीम द फायर फाक्स की ओर से आयोजित इस रैली में सबसे पुरानी कार कोलकाता की 1958 की मर्सिडीज–180 शामिल है। इसे पृथ्वी नाथ टैगोर और सौरजीत पाल चौधरी चला रहे हैं। दूसरी विंटेज कार चेन्नई की 1958 मॉडल की क्लासिक लैंड रोवर है। टोयोटा, फिएट, जगुआर, फ्री लैण्डर समेत 25 गाड़ियां क्लासिक और 15 एक्सयूवी समेत 40 गाड़ियां शामिल है।

रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक **सूर्यमणि रघुवंशी** ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-**स्व. बाबू सिंह चौहान।**
सम्पादक-**सूर्यमणि रघुवंशी।**
**आर. एन. आई. नं. 2417/57**
**डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27**
**E-Mail: dainikchingari@gmail.com**

सभी को लोकप्रिय सांध्य दैनिक चिंगारी की 40वीं वर्षगांठ की हार्दिक शुभकामनाएं

# कार्यालय नगर पंचायत बढ़ापुर (बिजनौर)

## स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 पर नगर वासियों से अपील

1. स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 में नगर पंचायत बढ़ापुर को प्रथम स्थान दिलाने हेतु नगर पंचायत बढ़ापुर का सहयोग करें।
2. संक्रमित बीमारियों से बचाव हेतु समय पर नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र में परीक्षण करायें।
3. पालीथीन का प्रयोग न करें, पालीथीन को हटाने में नगर पंचायत बढ़ापुर का सहयोग करें।
4. जन्म-मृत्यु पंजीकरण समय से करायें जल कर, जल मूल्य, गृह कर आदि सभी प्रकार के टैक्स समय से जमा कर रसीदें प्राप्त करें।
5. खुले में शौच न जायें, नगर पंचायत द्वारा बनाये गये सामुदायिक शौचालयों का प्रयोग करें।
6. कूड़ा कचरा निश्चित स्थान पर रखें, कूड़ा कूड़ेदान में ही डालें।
7. पर्यावरण को शुद्ध व सुन्दर बनाने हेतु अधिक से अधिक वृक्ष लगायें।
8. यह नगर आपका है, इसको स्वच्छ एवं सुन्दर बनाये रखने में अपना बहुमूल्य सहयोग प्रदान करें।

**दिलशाद अंसारी**
अध्यक्ष
नगर पंचायत बढ़ापुर
जनपद-बिजनौर

**रवि शंकर शुक्ला**
अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत बढ़ापुर
जनपद-बिजनौर

# लंदन में महकेगा कन्नौज का इत्र, यूपी टूरिज्म के स्टॉल पर दिखेगी पर्यटन विरासतें

**लखनऊ ( चिंगारी )।** ब्रिटेन की राजधानी लंदन एक बार फिर विश्व पर्यटन जगत का केंद्र बनने जा रही है। आगामी 4 से 6 नवंबर 2025 तक एक्सेल लंदन में आयोजित होने वाले प्रतिष्ठित वर्ल्ड ट्रैवल मार्केट 2025 (डब्ल्यूटीएम) में उत्तर प्रदेश पर्यटन अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज कराएगा। विश्व भर के पर्यटन विशेषज्ञों, निवेशकों और नीति–निर्माताओं के इस विशाल मंच पर उत्तर प्रदेश अपने विविध पर्यटन स्थलों, सांस्कृतिक विरासत और संभावनाओं को अंतरराष्ट्रीय पटल पर प्रस्तुत करेगा। यह जानकारी उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने सोमवार को दी। मंत्री ने बताया कि वर्ल्ड ट्रैवल मार्केट, लंदन में उत्तर प्रदेश पर्यटन के स्टॉल पर भारत की इत्र नगरी कन्नौज, स्पिरिचुअल ट्रायंगल (प्रयागराज–अयोध्या–काशी), यूनेस्को विश्व धरोहर ताजमहल (दुनिया के सात आश्चर्यों में से एक), बौद्ध सर्किट, अयोध्या में श्रीराम मंदिर तथा राज्य के अन्य प्रमुख पर्यटन स्थलों का प्रदर्शन किया जाएगा।

## वैश्विक पर्यटन मानचित्र पर निखरेगा यूपी

पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि डब्ल्यूटीएम तीन दिवसीय वैश्विक आयोजन है, जो पर्यटन उद्योग के विशेषज्ञों, बी2बी मीटिंग्स, साझेदारी के अवसरों, नवाचार, युवा पेशेवरों तथा समावेशी पर्यटन की अवधारणा पर केंद्रित रहेगा। इस मंच पर पर्यटन प्रोत्साहन से जुड़ी विविध गतिविधियां भी आयोजित की जाएंगी, जिससे उत्तर प्रदेश को वैश्विक पर्यटन मानचित्र पर श्रेष्ठ और बहुआयामी पर्यटन गंतव्य के रूप में स्थापित करने में मदद मिलेगी।

## स्पिरिचुअल ट्रायंगल और ताजमहल

लंदन में आयोजित होने वाले वर्ल्ड ट्रैवल मार्केट 2025 में उत्तर प्रदेश पर्यटन अपने समृद्ध सांस्कृतिक और आध्यात्मिक वैभव की झलक दुनिया के सामने पेश करेगा। राज्य के पर्यटन स्टॉल का विशेष आकर्षण कन्नौज की इत्र विरासत और शिल्प कौशल को प्रस्तुत करेगा। साथ ही, प्रदेश के स्पिरिचुअल ट्रायंगल (प्रयागराज–अयोध्या–काशी) को भी पर्यटन की दृष्टि से महत्वपूर्ण धार्मिक गंतव्य के रूप में दिखाया जाएगा। यूनेस्को विश्व धरोहर विरासत में शामिल और दुनिया के सात आश्चर्यों में से एक ताजमहल को भी वैश्विक मंच पर प्रदर्शित किया जाएगा।

## यूपी से शुरू होती है 'बोधि यात्रा'

उत्तर प्रदेश में भगवान बुद्ध के जीवन और उपदेशों से जुड़े छह पवित्र स्थल–सारनाथ, कुशीनगर, संकिसा, कपिलवस्तु, कौशांबी और श्रावस्ती हैं। ये सभी तीर्थस्थल मिलकर राज्य को 'बुद्ध भूमि' का गौरव प्रदान करते हैं।





DHARA MOTOR FINANCE LTD.
Dhara Complex Civil Line Bijnor (UP) Estd. 1990
We are Hiring
Senior Manager
Regional Managers/Area Heads
Expert in credit, recovery and operations (in any)
having at least 5 yeas experience in NBFC
Send your resume to :manager.hr@dharamotor.com
8433405694
CORPORATE OFFICE : K-814, Noratan Building, Mata Chowk Vasant Kunj New Delhi.


## प्रदेशवासियों की सुरक्षा और सम्मान के लिए संकल्पित है सरकार - योगी

**लखनऊ ( चिंगारी )।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नवम्बर माह के पह सोमवार को भी 'जनता दर्शन' किया। मुख्यमंत्री ने प्रदेश के कई जनपदों से आये एक–एक पीड़ितों के पास पहुंचकर उनकी समस्या सुनी, फिर अफसरों को निर्देश दिया कि निश्चित समयावधि में उचित निस्तारण कराएं और पीड़ितों से फीडबैक लें। इस दौरान लगभग 60 से अधिक पीड़ितों ने एक–एक कर अपनी समस्या से मुख्यमंत्री को अवगत कराया। फरियादियों से मिलने के बाद मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार हर प्रदेशवासियों की सुरक्षा और सम्मान के लिए संकल्पित है। 'जनता दर्शन' के दौरान कई पीड़ितों ने पुलिस कार्रवाई पर असंतोष जताया। पीड़ितों ने चोरी की घटना के अनावरण के बाद भी रिकवरी न होने पर असन्तुष्टि जताई। साथ ही जमीन कब्जे की भी शिकायत मुख्यमंत्री के समक्ष रखी गई। इस पर मुख्यमंत्री ने इसकी जांच कर तत्काल कब्जा हटवाने के निर्देश दिए। एक पीड़ित ने इलाज के लिए आर्थिक सहायता की मांग की। इस पर मुख्यमंत्री ने कहा कि आप सिर्फ अस्पताल से एस्टिमेट बनवाकर भिजवाइये और अपने मरीज का ध्यान रखिये। बाकी हम पर छोड़ दीजिए।




फाइनेंस सुविधा उपलब्ध है !
Hero
★नियम व शर्तें लागू
Good Life Gift Voucher
कविता मोटर्स
हीरो मोटर्स कॉर्प के अधिकृत विक्रेता
किरतपुर रोड, बिजनौर
मोबाइल 9289922765, 8048243335



# चाय के साथ सिगरेट पीने का कॉबिनेशन
## खतरनाक

चाय का कप और सिगरेट का कश। ये भारत में बहुत कॉमन है। इसे चाय-सुट्टा कहते हैं। किसी भी चाय की टपरी पर लोग एक हाथ में चाय और दूसरे में सिगरेट लिए मिल जाएंगे।

**लोग इसे स्ट्रेस से रिलैस पाने के लिए पीते हैं, लेकिन यह दिल पर अतिरिक्त दबाव डालता है, लड प्रेशर बढ़ाता है और दिमाग को इस आदत का गुलाम बनाता है। गर्म चाय के साथ सिगरेट पीने से एसिड रिलेस, कैंसर और क्रॉनिक लंग्स डिजीज का रिस्क कई गुना बढ़ जाता है।**

### चाय-सिगरेट साथ पीने से अच्छा क्यों महसूस होता है?

चाय में कैफीन होता है, जो अलर्टनेस बढ़ाता है। सिगरेट का निकोटिन इसे और तेज कर देता है। इससे कुछ देर के लिए अच्छा महसूस हो सकता है। हालांकि, इसके कारण दिल की धड़कन बढ़ जाती है और ब्लड प्रेशर हाई हो जाता है। अगर कोई रोजाना ये करता है, तो लंबे समय में हार्ट डिजीज का खतरा बढ़ जाता है।

### चाय-सुट्टा से सिकुड़ रही है सेहत

चाय और सिगरेट साथ पीने से गंभीर सिरदर्द, चक्कर, मतली और पेट खराब होने जैसी समस्याएं हो सकती हैं। निकोटिन बॉडी को स्ट्रेन देता है, जबकि कैफीन इसे बढ़ावा देता है। अगर कोई रोज सिगरेट-चाय साथ पी रहा है, तो उसका ब्लड शुगर लेवल भी बढ़ सकता है। चाय-सिगरेट का कॉम्बिनेशन हेल्दी डाइट को भी बेअसर कर देता है।

### चाय-सुट्टा छोड़ने से फिर पटरी पर आएगी सेहत

चाय-सुट्टा छोड़ते ही बॉडी में रिकवरी शुरू हो जाती है। अगर कोई रोज एक सिगरेट कम करता है, तो उसकी जिंदगी में रोज 20 मिनट जुड़ सकते हैं। लेकिन कॉम्बो छोड़ने से कैफीन और निकोटिन दोनों की क्रेविंग कम होती है। इसमें तेजी से रिकवरी होती है।

### भारत में स्मोकिंग से हर साल 10 लाख मौतें

विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुताबिक, पूरी दुनिया में हर साल स्मोकिंग की वजह से 80 लाख से ज्यादा लोगों की समय से पहले मौत हो जाती है। भारत में ये आंकड़ा 10 लाख से ऊपर है। अगर तंबाकू के दूसरे प्रोडक्ट्स भी जोड़ें तो इसके कारण हर साल 13.5 लाख मौतें होती हैं। अब चाय का कनेक्शन देखें तो भारत दुनिया का सबसे बड़ा चाय उत्पादक और कंज्यूमर देश है। यहां औसतन हर शख्स साल में 700 ग्राम से ज्यादा चाय पीता है। लेकिन जब ये चाय सिगरेट के साथ मिलती है, तो नुकसान दोगुना हो जाता है।



# सर्दियां आते ही एसी बंद

**सर्दियों में महीनों तक एसी बंद रखना और उसे सही तरीके से स्टोर न करना महंगा पड़ सकता है। कई बार लोग एसी को बिना सफाई या तैयारी के ही कवर कर देते हैं, जिसके चलते अगली गर्मियों में यह ठीक से काम नहीं करता है।**

अब हल्की ठंड ने दस्तक दे दी है। सूरज जल्दी ढलने लगा है, रातें लंबी और सुबह ठंडी होने के साथ दिन का तापमान भी कम होने लगा है। लोग ऊनी कपड़े निकालने लगे हैं। ठंड के अहसास के साथ ही ज्यादातर घरों में पंखा, कूलर और एसी का इस्तेमाल या तो बंद हो चुका है या बहुत कम हो गया है। लंबे समय तक बंद पड़े रहने से इसमें धूल जमा हो जाती है, जंग लग सकती है और इलेक्ट्रिकल पार्ट्स खराब हो सकते हैं। हालांकि अगर हम कुछ बेसिक बातों का ध्यान रखें तो एसी सालों तक बेहतरीन परफॉर्मेंस देता रहेगा और रिपेयर का खर्च भी नहीं बढ़ेगा।

### मेन स्विच से पावर डिसकनेक्ट करें

एसी का प्लग निकालकर मेन स्विच से पावर सप्लाई बंद करें। इससे शॉर्ट सर्किट या वोल्टेज फ्लक्चुएशन से बचाव होता है। यूनिट पूरी तरह से सेफ रहती है।

### बंद करने से पहले कराएं सर्विसिंग

सर्दियों की शुरुआत में एक बार एसी की सर्विसिंग जरूर कराएं। यह फिल्टर, गैस लेवल और वायरिंग की जांच सुनिश्चित करती है। ऑफ सीजन में सर्विसिंग सस्ती भी होती है।

### एयर फिल्टर और कॉइल की डीप क्लीनिंग करें

लंबे समय तक बंद रहने पर एसी के फिल्टर में धूल और बैक्टीरिया जम जाते हैं। हल्के ब्रश या वैक्यूम क्लीनर से फिल्टर की सफाई करें। अगर गंदगी ज्यादा हो तो डिटर्जेंट या विनेगर के घोल में धोकर सुखा लें। कॉइल्स पर जमी धूल भी साफ करें ताकि कूलिंग इफिशिएंसी बनी रहे।

### ड्रेन पाइप और ट्रे में जमा पानी निकालें

एसी बंद करने से पहले ड्रिप ट्रे और पाइप में बचा हुआ पानी पूरी तरह निकाल दें। पानी जमा रहने से जंग लगने और बैक्टीरिया पनपने का खतरा रहता है। यह बदबू और फंगस का कारण बन सकता है।

### रिमोट की बैटरी निकालना न भूलें

लगभग 4-5 महीनों तक एसी का इस्तेमाल नहीं होगा। इससे बैटरी लीक होकर रिमोट को खराब कर सकती है। बैटरी निकालकर सूखे स्थान पर रखें। इससे रिमोट लंबे समय तक चलेगा।

### एसी कवर और ग्रिल्स की सफाई करें

बाहर की ग्रिल और कवर को साफ कपड़े से पोंछ लें। चाहें तो इन्हें अलग निकालकर धो सकते हैं। इससे धूल जमने या ब्लॉकेज की संभावना कम होती है।

### एसी को सही तरीके से कवर करें

आउटडोर यूनिट को वॉटरप्रूफ हार्ड प्लास्टिक कवर से ढकें। पॉलिथीन या बंद कवर का इस्तेमाल न करें क्योंकि इससे नमी फंस सकती है और जंग लग सकता है। कवर ऐसा चुनें, जो वेंटिलेशन दे ताकि नमी बाहर निकल सके।

चिंगारी ने 40 वर्षों से समाज को विश्वसनीय एवं निष्पक्ष ख़बरें प्रदान कर एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। सच, साहस और जनहित के सिद्धांतों पर ख़रा उतरते हुए पत्रकारिता जगत में एक विशिष्ट स्थान बनाया है।



संस्थापक
बाबूसिंह चौहान

ऐसे प्रतिष्ठित समाचार पत्र सांध्य दैनिक चिंगारी
की 40वीं गौरवशाली वर्षगांठ

के शुभ अवसर पर संपादक मंडल सहित चिंगारी की समस्त टीम को



हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

जावेद अख्तर एडवोकेट

बढ़ापुर (बिजनौर)



वरिष्ठ नेता तथा स्टार प्रचारक
आजाद समाज पार्टी



संस्थापक
बाबूसिंह चौहान

सांध्य दैनिक चिंगारी की 40वीं वर्षगांठ के अवसर पर
चार दशक की गौरवशाली यात्रा को सलाम!
प्रतिष्ठित समाचार पत्र चिंगारी ने हमेशा सच और जनहित को प्राथमिकता दी है। समाज के प्रति प्रतिबद्धता के क्रम में समाज को जागरूक करने व लोकतंत्र को मजबूत बनाने में चिंगारी का योगदान काबिले तारीफ है।

इस अवसर पर संपादक मंडल एवं चिंगारी की पूरी टीम को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।



मु. आसिफ़
(समाजसेवी)



बढ़ापुर (बिजनौर)